दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 04 मार्च-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 74 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाला



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ा फैसला लिया है। मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया है। इसके अलावा उन्हें चेतावनी भी दी गई है। वहीं आकाश आनंद की जगह उनके पिता और पार्टी महासचिव आनंद कुमार को नेशनल को-आर्डिनेटर बनाया गया है। इस बीच मायावती ने आकाश आनंद को पद से हटाने के पीछे उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ को जिम्मेदार बताया है। साथ ही मायावती ने एक लड़की का भी जिक्र किया है, जिसके ऊपर आकाश आनंद का भविष्य टिका हुआ है।

**आकाश की पत्नी पर टिका उनका भविष्य :** मायावती ने फैसला लेने के बाद एक प्रेस रिलीज जारी करवाई। प्रेस रिलीज में कहा गया, चूंकि अशोक सिद्धार्थ की लड़की के साथ आकाश आनंद की शादी हुई है। ऐसे में सिद्धार्थ को पार्टी से निकालने के बाद उस लड़की पर अपने पिता का कितना प्रभाव पड़ता है और लड़की का कितना प्रभाव आकाश पर पड़ता है, यह हमें काफी गंभीरता से देखना होगा। अभी तक प्रभाव कत्तई भी पॉजिटिव नहीं लग रहा है। यानी कह सकते हैं कि आकाश की पत्नी पर ही उनका भविष्य टिका हुआ है।



## यूपी विधानमंडल का बजट सत्र : बेसिक शिक्षा मंत्री ने दिया जवाब

# निजी स्कूलों की शुल्क प्रतिपूर्ति में वृद्धि का कोई विचार नहीं

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा का बजट सत्र जारी है। सोमवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही प्रारंभ हुई जिसमें सत्ता पक्ष के नेताओं ने विपक्ष के उठाए गए सवालों के जवाब दिए। एक सवाल के जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि आरटीई में निजी स्कूलों की शुल्क प्रतिपूर्ति में वृद्धि का सरकार का कोई विचार नहीं है। वहीं, दोपहर 3.15 बजे तक के लिए विधान परिषद की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।



विधान परिषद की कार्यवाही में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब तक भाजपा की डबल इंजन की सरकार है, कोई माई का लाल आरक्षण नहीं छीन सकता है। वे सदन में सपा सदस्यों की ओर से निजीकरण के खिलाफ लाए गए कार्यस्थगन प्रस्ताव पर बोल रहे थे। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव का कहना था कि बिजली विभाग के निजीकरण के जरिये सरकार आरक्षण को खत्म करने की साजिश रच रही है।

वहीं, सपा के डॉ. मान सिंह यादव ने कहा कि निजीकरण का छिपा एजेंडा आरक्षण खत्म करना है। निजीकरण का ही नतीजा है कि कुंभ के दौरान दिल्ली से प्रयागराज का किराया, दिल्ली से लंदन तक के किराये से महंगा हो गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री को टूटी सीट पर बैठकर सफर करना पड़ा। नेता प्रतिपक्ष ने लाल बिहारी यादव ने कहा कि सरकारी विभागों के निजीकरण किए जाने से नौकरी की कोई गारंटी नहीं रह जाएगी।

इस पर केशव ने कहा कि सपा के लिए व्यक्ति और परिवार के बाद पार्टी और देश है, जबकि हमारी विचारधारा में देश सबसे ऊपर है। उसके बाद दल और व्यक्ति का नंबर आता है। सपा सदस्यों को नहीं भूलना चाहिए कि नोएडा में बिजली का निजीकरण मुलायम सिंह यादव की सरकार में हुआ था। केशव ने कहा कि अगर गंगा का जल प्रदूषित होता तो सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डुबकी कैसे लगाते। प्रदूषण गंगा में नहीं सपा के लोगों के मन में है।

**पांच मार्च तक चलेगा सदन :** विधानसभा का बजट सत्र पांच मार्च तक चलेगा। पांच मार्च तक विधानसभा और विधान परिषद दोनों चलती रहेंगी।

# यूपी के 5 शहरों को अमूर्त विरासत व रचनात्मक शहरों के तौर पर यूनेस्को की मान्यता दिलाएगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और इसे वैश्विक पटल पर मान्यता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश के 5 शहरों व बुंदेलखंड की लोककला के संरक्षण की दिशा में बड़ा प्रयास करने जा रही है। सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने कन्नौज के इत्र, ब्रज की होली, वाराणसी की गंगा आरती, फिरोजाबाद की कांच कला, आजमगढ़ के निजामाबाद की ब्लैक पॉटरी तथा बुंदेलखंड की लोककला व लोक साहित्य को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत तथा रचनात्मक शहरों की सूची में उल्लेखित कराने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस क्रम में विशिष्ट टीम का गठन किया जाएगा जिसके जरिए इस प्रक्रिया की पूर्ति की जाएगी।



इसके पहले कुम्भ को यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के तौर पर पहली बार उल्लेखित किया गया था। ऐसे में, अब 5 शहरों व बुंदेलखंड क्षेत्र की लोककलाओं को भी इस केटेगरी में उल्लेखित कराने के प्रयास योगी सरकार द्वारा शुरू कर दिए गए हैं।

सीएम योगी के विजन के अनुसार, कन्नौज के इत्र को यूनेस्को के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क में उल्लेखित कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में योगी सरकार द्वारा कन्नौज को सिटी ऑफ क्राफ्ट केटेगरी में इत्र के लिए पंजीकृत कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इत्र के निर्माण की पारंपरिक ₹देग-भापका₹ विधि और इसके ऐतिहासिक महत्व पर गहन शोध की डॉक्यूमेंटेशन रिपोर्ट को इस कार्य की पूर्ति के लिए निर्मित कर यूनेस्को टीम को सौंपा जाएगा।

कन्नौज को ₹भारत की इत्र राजधानी₹ के रूप में वैश्विक प्रतिष्ठा, इसके सामाजिक-आर्थिक प्रभाव के मानचित्रण तथा अद्वितीय प्रक्रियाओं, सांस्कृतिक विरासत व टिकाऊ प्रथाओं पर प्रकाश डालने वाले डोजियर का निर्माण किया जाएगा। इसे विभिन्न मीडिया फॉर्मेट्स के हिसाब से बनाया जाएगा, जिससे इसके उचित अवमूल्यन का अवसर यूनेस्को की टीम को मिल सकेगा।

वाराणसी की गंगा आरती, बुंदेलखंड की लोककलाओं को भी मिलेगी मान्यता

योगी सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं कि वाराणसी की गंगा आरती को भी यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के तौर पर मान्यता मिले। गंगा आरती के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और अनुष्ठान संबंधी महत्व पर गहन शोध भी होगा। सांस्कृतिक पर्यटन पर इस प्रथा के प्रभाव को दशार्ने वाले दृश्य और पाठ्य सामग्री समाहित डॉक्यूमेंटेशन प्रक्रिया को पूर्ण किए जाने पर फोकस है।

इसी प्रकार ब्रज की प्रसिद्ध होली (जिसमें लट्ठमार होली को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा), आजमगढ़ के निजामाबाद की ब्लैक पॉटरी तथा फिरोजाबाद के कांच उद्योग को भी मान्यता दिलाने के लिए विस्तृत डोजियर का निर्माण किया जाएगा।

वहीं बुंदेलखंड के आल्हा गायन, राई नृत्य समेत स्थानीय लोक कला-लोक साहित्य एवं संस्कृति को परिलक्षित करते विस्तृत डोजियर का निर्माण बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने तथा यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के तौर पर मान्यता दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा।

# अयोध्या में राममय दिखे रूसी श्रद्धालु, रामलला के किए दर्शन



### सरयू के जल से आचमन कर खुद को माना धन्य

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या पहुंचे रूसी मेहमान सोमवार को पूरी तरह राममय दिखे। इन विदेशी मेहमानों ने सबसे पहले प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। साथ ही कई धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए।

इसके बाद 33 रूसी श्रद्धालुओं का दल चित्रकूट पहुंचा। वहां परिक्रमा करने के साथ ही दर्शन-पूजन किया। चित्रकूट से विदेशी मेहमानों का दल रविवार की शाम अयोध्या पहुंचा। यहां सोमवार को सभी ने रामलला के दर्शन किए।

रामलला के दर्शन बाद हनुमानगढ़ी पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। सरयू के जल से आचमन कर खुद को धन्य माना। अयोध्या से सभी विदेशी मेहमान कर्नाटक के लिए रवाना होंगे। वहां पर योग के विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# ट्रेनें फुल... होली पर मुश्किल होगा सफर, 7 से 18 मार्च तक कई गाड़ियों में बुकिंग बंद

**बरेली।** होली पर ट्रेन का सफर मुश्किल हो गया है। नियमित ट्रेनें फुल हो गई हैं। कई ट्रेनों सात से 18 मार्च तक बुकिंग बंद हो गई। इस कारण लोगों को ज्यादा किराया देकर होली विशेष ट्रेनों में यात्रा करनी पड़ेगी। डबल डेकर और मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस को छोड़ दें तो बरेली होकर गुजरने वाली किसी भी ट्रेन में सात से 18 मार्च तक कन्फर्म टिकट नहीं है। इन दिनों कई ट्रेनें नो रूम हो गई है।



होली 14 मार्च है। उससे पहले ही दूसरे जिलों और प्रदेशों में रहने वाले नौकरी पेशा लोगों की वापसी शुरू हो गई है। प्रमुख ट्रेनों में लंबी वेटिंग है। 15910 अवध असम एक्सप्रेस की स्लीपर से लेकर एसी श्रेणियों तक होली के आसपास कई दिनों तक 40 से 110 तक वेटिंग है। टनकपुर-दिल्ली 12036 पूर्णागिरी में आमतौर पर कन्फर्म टिकट मिल जाता है, लेकिन अब इसकी वेटिंग 155 तक पहुंच गई है।

15128 काशी विश्वनाथ में 133 वेटिंग होने के बाद भी टिकट बुकिंग हो रही है। 12392 श्रमजीवी में 144 और 15274 सत्याग्रह एक्सप्रेस की स्लीपर श्रेणी में 122 वेटिंग है। 14206 अयोध्या एक्सप्रेस और 14208 पद्मावत एक्सप्रेस के स्लीपर श्रेणी में वेटिंग 200 के पार हो चुकी है। इन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी लगाए जाएंगे।

### एसी में भी लंबी वेटिंग

इसके अलावा 12212 गरीबरथ एक्सप्रेस, 12230 लखनऊ मेल, श्रमजीवी के स्लीपर श्रेणियों में वेटिंग 120 के पार है। एसी श्रेणियों में वेटिंग 70 तक पहुंच गई है। अकाल तख्त एक्सप्रेस, कोलकाता एक्सप्रेस, जम्मूतवी एक्सप्रेस, लखनऊ-चंडीगढ़ सुपरफास्ट, पंजाब मेल, दून एक्सप्रेस और सप्ताह में एक दिन चलने वाली लालकुआं बंगलूरू एक्सप्रेस में भी होली के दौरान कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहे हैं।

नियमित ट्रेनों के मुकाबले विशेष ट्रेनों में किराया ज्यादा होता है। ऐसे में लोगों को होली पर विशेष ट्रेनों में यात्रा कर जेब ढीली करनी होगी।

### नो रूम हुई ट्रेनों में टिकट बुकिंग बंद

होली के दौरान कई ट्रेनें नो रूम हो गई हैं। इसके बाद इन ट्रेनों में टिकट बुकिंग बंद हो गई है। श्रमजीवी, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, लखनऊ मेल, पद्मावत एक्सप्रेस, अयोध्या एक्सप्रेस, मालदा टाउन एक्सप्रेस की स्लीपर श्रेणियों के अलावा एसी तृतीय श्रेणी में भी टिकट मिलने बंद हो गए हैं। दिल्ली-लखनऊ के बीच चलने वाली डबल डेकर चेयरकार का संचालन तीन माह के बाद शुरू हुआ है। इससे पहले ही दिन 56 वेटिंग पहुंच चुकी है। बाघ एक्सप्रेस, कुंभ एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, हिमगिरी एक्सप्रेस में भी वेटिंग लगातार बढ़ रही है।

**जिन ट्रेनों का तीन माह बाद शुरू हुआ संचालन, उनमें लंबी वेटिंग :** कोहरे के कारण रेलवे ने एक दिसंबर से 28 फरवरी तक बरेली होते हुए 18 ट्रेनों को निरस्त कर दिया था। इसके अलावा 24 ट्रेनों के फेरों में भी कटौती की गई थी।

इनमें निरस्त चल रहीं 12 ट्रेनों का संचालन शनिवार और रविवार को शुरू हो गया। छह अन्य का संचालन भी सोमवार और मंगलवार को शुरू हो जाएगा। 24 ट्रेनों के फेरों में शनिवार को ही इजाफा कर दिया गया था। इन ट्रेनों में भी कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा।

### इन ट्रेनों का बढ़ाया गया फेरा

15074-73 टनकपुर-सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस।
15076-75 टनकपुर-शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस।
13019-20 बाघ एक्सप्रेस।
12327-28 उपासना एक्सप्रेस।
12317-18 अकालतख्त एक्सप्रेस।
12357-58 दुर्गियाना एक्सप्रेस।
15909-10 अवध-असम एक्सप्रेस।
15903-04 चंडीगढ़ एक्सप्रेस।
12523-24 न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस।
15057/08 गोरखपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस।
15119-20 जनता एक्सप्रेस।
15127-28 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस।

इन ट्रेनों का शुरू होगा संचालन

14617-18 बनमंखी-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस।
14616-15 अमृतसर-लालकुआं एक्सप्रेस।
14524-23 अंबाला-बरौनी हरिहर एक्सप्रेस।
12210-09 काठगोदाम-कानपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस।
14003-04 मालदा टाउन-दिल्ली एक्सप्रेस।
12583/84 दिल्ली-लखनऊ डबल डेकर एक्सप्रेस।

# मां तुझे सलाम : अपने मासूम बच्चे को बचाने के लिए तालाब में कूद पड़ी मां... महिला को ग्रामीणों ने निकाला, बच्चे की तलाश जारी






**आगरा।** आगरा के खंदौली में घर के बाहर खेल रहा मासूम तालाब में गिर गया। ये देख उसे बचाने के लिए मां भी तालाब में कूद पड़ी। वो भी तालाब में डूबने लगी।

ग्रामीणों ने महिला को तो सुरक्षित निकाल लिया, लेकिन बच्चे का पता नहीं चल सका।

खंदौली के पेतखेड़ा निवासी अजय जूरैल का घर तालाब के किनारे है। सोमवार की सुबह करीब नौ बजे अजय की पत्नी विनीता घर के बाहर काम कर रही थी।

दो वर्षीय मासूम बेटा वैभव घर के बाहर खेल रहा था। खेलते समय वैभव घर के सामने बने तालाब में जा गिरा। ये देख उसे बचाने के लिए मां विनीता दौड़ पड़ी, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। वैभव को बचाने के लिए वो भी तालाब में कूद गई। वो मासूम तक तो नहीं पहुंच सकी, बल्कि खुद भी डूबने लगी।

इस दौरान मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तालाब में छलांग लगाकर विनीता को तो बचा लिया, लेकिन मासूम का पता नहीं चल सका। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। बच्चे की तलाश के लिए गोताखोरों के तालाब में उतार दिया गया है। वहीं बच्चे की डूबने की खबर मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# बदायूं के श्रवण कुमार: बेटों ने मां को कांवड़ में बैठाकर कराई चारधाम यात्रा, एक साल पैदल चले और अयोध्या भी गए

**बदायूं।** बदायूं के बिसौली के नूरपुर गांव निवासी तेजपाल और धीरज दोनों भाई कलयुग में उन लोगों के लिए नजीर हैं जो बुढ़ापे में मां-बाप को उनके हाल में छोड़ देते हैं या फिर वृद्धाश्रम में छोड़ आते हैं। ये दोनों भाई एक साल 12 दिन पहले अपनी मां को कांवड़ में बैठाकर चारधाम यात्रा को निकले। न सिर्फ चारधाम यात्रा बल्कि हरिद्वार, नीलकंठ, अयोध्या, खाटूश्याम तक कांवड़ में बैठाकर पैदल गए और दर्शन कराए। दोनों भाई अब घर लौट रहे हैं। अभी घर पहुंचने में उन्हें तीन-चार दिन और लग जाएंगे।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी तेजपाल और धीरज 18 फरवरी 2024 को श्रवण कुमार बनकर अपनी मां राजेश्वरी को कांवड में बैठाकर चारधाम यात्रा कराने निकले थे। दोनों भाइयों ने मां को पहले चारधाम की यात्रा कराई। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा कराई।



इस दौरान दोनों भाइयों ने मां को हरिद्वार के मनसा देवी, नीलकंठ, वीरभद्र, सुरकंडा माता मंदिर समेत वहां के कई तीर्थस्थान के दर्शन कराए।


दोनों भाइयों की पदयात्रा यहीं नहीं रूकी। इसके बाद वह मां को लेकर अयोध्या रामलला के दर्शन कराने पहुंचे। इस बीच दोनों भाइयों का हौसला बढ़ता गया। उन्होंने पदयात्रा को नहीं थमने दिया। वह मां को लेकर हरियाणा के चुलकाना धाम पहुंचे। यहां खाटू श्याम के दर्शन कराए। इसके बाद उनकी यात्रा राजस्थान पहुंची।

जहां गोगामेड़ी और खाटूश्याम के मां को दर्शन कराए। पैदल इतने लंबे सफर को तय करने में दोनों भाइयों कोएक साल का समय लग गया। इसके बाद अब दोनों भाई मां को कांवड़ में ही बैठाकर वापस घर आ रहे हैं।

एक साल 12 दिन बाद शनिवार को दोनों भाई जिले की सीमा में पहुंचे। यहां लोगों ने कांवड़ में बैठी मां को कंधे पर ले जा रहे दोनों बेटों को देखा तो उनका सत्कार किया। मुजरिया चौराहे पर रहने वाले सुमित साहू उन्हें चाय नाश्ता कराया। वहीं, उनके पिता रामौतार ने फल खिलाए।

# बाजारों में रौनक लौटी, रोजेदारों की पसंद बने कलमी-कीमिया खजूर

**दिल्ली।** रमजान माह की शुरूआत के साथ ही दिल्ली के बाजारों में रौनक लौट आई है। सहरी और इफ्तार के लिए जरूरी सामान खरीदने के लिए लोग बड़ी संख्या में बाजार पहुंचे हैं। खासतौर पर खजूर की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है, जिसमें कलमी और कीमिया खजूर का नाम शामिल है। बढ़ती मांग के चलते इनकी कीमतों में करीब 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। शहर के खारी बावली, ज्वाला हेरी मार्केट, सदर बाजार चांदनी चौक, करोल बाग, लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट की दुकानों पर ईरानी, मिस्त्री, अजवा और कालीमी खजूर की बड़ी वैरायटी उपलब्ध है।



रमजान में खजूर की खास अहमियत होती है क्योंकि रोजा खोलने के लिए इसे सबसे बेहतर और पारंपरिक माना जाता है। इसी कारण बाजारों में खजूर की कई किस्में देखने को मिल रही हैं। ग्राहक अपनी पसंद और बजट के हिसाब से इन्हें खरीद रहे हैं। जामा मस्जिद के बाहर स्थित दुकानदार कामरान हसन ने बताया कि रमजान शुरू होते ही खजूर की बिक्री में दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। साथ ही, खजूर के दामों में 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है।

### दुकानदारों ने कहा- बड़ी संख्या में पहुंच रहे ग्राहक

खजूर के अलावा रमजान में इस्तेमाल होने वाले सूखे मेवे जैसे बादाम, अखरोट, काजू, किशमिश और छुहारे रोजेदारों की पहली पसंद बने हुए हैं।

इफ्तार के लिए ठंडे शरबत और अलग-अलग तरह के ड्राई फ्रूट्स खरीदने वालों की संख्या भी बढ़ी है। एक अन्य दुकानदार आसिफ ने बताया कि रमजान के चलते बाजार में हर दिन बड़ी संख्या में ग्राहक आ रहे हैं। रमजान के पहले ही दिन से सहरी और इफ्तार की तैयारियों को लेकर बाजारों में जबरदस्त भीड़ देखी गई।

# इमारत में आग लगने के बाद एलपीजी सिलेंडर फटा, महिला की दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली।** नबी करीम के मोतिया खान इलाके में रविवार दोपहर एक चार मंजिला इमारत में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना पुलिस के अलावा दमकल विभाग को दी गई। खबर मिलते ही दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची। बचाव का काम अभी शुरू ही किया जा रहा था कि तीसरी मंजिल पर एलपीजी सिलेंडर फट गया। हादसे में दो दमकल कर्मी झुलस गए।



एसटीओ रविंदर सिंह और फायर ऑफिसर वेद को आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी हैं। आग पर काबू पाने के बाद बचाव दल को चौथी मंजिल से 100 फीसदी जला हुआ एक महिला का शव बरामद हुआ। शव को मोर्चरी भेज दिया गया। मृतका की शिनाख्त हेमलता (40) के रूप में हुई है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने मोतिया खान सिलेंडर विस्फोट से प्रभावित लोगों को समर्थन की बात कही है। आतिशी ने कहा- आप विधायक लोगों के साथ खड़े हैं।

**दोपहर तीन बजे मिली सूचना :** दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि रविवार दोपहर 3.01 बजे उनकी टीम को खबर मिली कि मोतिया खान मकान नंबर-10554 में आग लग गई है। सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल की पांच गाड़ियां को यहां भेजा गया।

# इस बार होली पर झेलनी होगी ज्यादा गर्मी, दिन और रात के तापमान में हो सकती है रिकॉर्ड बढ़ोतरी

**लखनऊ।** इस बार मार्च माह में ही तीखी गर्मी झेलनी पड़ेगी। प्रदेश में इस बार सर्दी के मौसम में तुलनात्मक रूप से कम बारिश हुई। इसके असर से तापमान में लगातार बढ़त देखने को मिली। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस बार मार्च में ही मध्य भारत से लगे प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चले जाने के आसार हैं।




आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि इस बार मार्च से मई के बीच न सिर्फ अधिकतम व न्यूनतम तापमान के सामान्य से अधिक रहने के संकेत हैं बल्कि हीट वेव के दिनों की संख्या में भी इजाफा होगा। उन्होंने बताया कि इस बार सर्दियों के दौरान पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता में कमी रही, इसकी वजह से प्रदेश में सामान्य से 88 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई, जबकि लखनऊ में यह कमी 98 प्रतिशत रही। इस वजह से फरवरी का अंत असामान्य रूप से गर्म रहा। इस बार गर्मियों के दौरान भी प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता में कमी रहने का अनुमान है। प्रशांत महासागर में कमजोर ला-नीना परिस्थितियों के आगामी सीजन के दौरान तटस्थ नीनो परिस्थितियों में संभावित परिवर्तन के आसार हैं।

फरवरी की आखिरी रात हमीरपुर में न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो वहां के फरवरी महीने के इतिहास में सबसे गर्म रात थी। इसी तरह, वाराणसी में 19.5 डिग्री और लखनऊ में 19.4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया, जो इन दोनों शहरों में फरवरी की चौथी सबसे गर्म रात रही।

झांसी फरवरी में प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वाराणसी में औसत अधिकतम तापमान 30.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक था। वहीं रविवार को 32.5 डिग्री सेल्सियस के साथ वाराणसी प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। रविवार को प्रदेश भर में 30 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवाएं चलीं। मंगलवार से उत्तरी पछुआ हवाओं की रफ्तार में और तेजी आएगी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## सात मार्च को निगम की बोर्ड बैठक होगी असरदार

# पार्षदों ने बना ली है लिस्ट, सदन में उठेंगे कई सवाल

### पैठ बाजार, हाउस टैक्स, पार्किंग, विकास कार्यों की उठेगी मांग






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सात मार्च को नगर निगम गाजियाबाद के सभागार में बैठक की बेठक होनी है। लंबे समय बाद और होली से पहले होने वाली बोर्ड बैठक को लेकर पार्षदों की ओर से जहां कई सुर सुनाई दे रहे हैं। तो नगर निगम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि सात मार्च को बैठक जोरदार रहने वाली है। वैसे अभी तक बोर्ड बैठक तय मानी जा रही है लेकिन चर्चा है कि इसी सप्ताह पास वाले जिले में मुख्यमंत्री का आगमन लगा है तो कुछ भी हो सकता है। कहा जा रहा है कि पहले भी 17 फरवरी की बोर्ड बैठक वाली डेट तय हुई थी पर हो नहीं पाई थी। अब नगर निगम के पार्षद अपनी-अपनी तैयारी के साथ बैठक के लिए रेडी हो गए हैं। नगर निगम के पार्षदों से दैनिक करंट क्राइम ने बात चीत की और जाना कि बोर्ड बैठक में वो किन मुद्दों को उठाने वाले हैं और क्या विषय रहेंगे। कुल मिलाकर देखना होगा कि सात मार्च को होने वाली बोर्ड बैठक में क्या माहौल देखने को मिलेगा। वैसे सुनने में आ रहा है कि इस बार की बोर्ड बैठक नगर निगम में तमाम विकास कार्यों व नई योजनाओं को लेकर चर्चा व प्रस्ताव रखें जाएंगे।

### उठेगा हाउस टेक्स व सीवर का मुद्दा : हिमांशु चौधरी



करंट क्राइम : नगर निगम के पार्षद हिमांशु चौधरी ने बताया है कि 7 मार्च को होने वाली बोर्ड बैठक में पार्षद अपने क्षेत्र की समस्याओं को बैठक में रखेंगे। नगर निगम में लंबे समय बाद हो रही इस बैठक में मुख्य उद्देश्य अधिकारी अपने काम को करवाने के लिए बैठकर रहे हैं। बैठक में पैठ बाजार, हाउस टैक्स, सीवर जैसी समस्या का मुद्दा रहेगा। उन्होंने बताया है कि पहले बोर्ड बैठक में जो काम पार्षदों को मिले थे, और नहीं हुए, उसका भी सवाल किया जाएगा। इस दौरान पार्षद हिमांशु ने कहा है कि अपनी कई अन्य मांग व समस्या भी रखेंगे।

### सीवर ओवर फ्लो की समस्या पर उठाऊंगा आवाज : मदन राय



करंट क्राइम : नगर निगम में साहिबाबाद के क्षेत्र से पार्षद मदन राय ने बताया है कि बोर्ड बैठक में अपने वार्ड की मुख्य समस्या रखेंगे। मदन राय ने कहा है कि अब तक के कार्यकाल में वार्ड 86 में ना तो महापौर आई हैं, ना नगरायुक्त आए। उन्होंने बताया प्राइवेट कंपनी वाले सीवर साफ नही करते, आये दिन सीवर ओवरफ़्लो की समस्या रहती है। वहीं उनका आरोप है कि कर्मचारी फोन नहीं उठाते हैं। पीने का पानी भी सप्ताह में एक-दो दिन आता है। बाकी दिन क्षेत्र में पानी की समस्या बरकरार है। वार्ड में नगर निगम की जमीन खाली पड़ी है, उसपर भी अवैध कब्जा लोगों द्वारा कर लिया गया है। उसे खाली कराया जाए और कब्जा करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई हो।

### बैठक में उठाएंगे कई मुद्दे : धीरज अग्रवाल



करंट क्राइम : नगर निगम में इंदिरापुरम वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया कि इस बार बोर्ड बैठक काफी हंगामादार होने वाली है, ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि लंबे समय से कोई बोर्ड बैठक नहीं आयोजित की गई थी। जिसकी वजह से काफी विकास कार्य और योजनाओं का कुछ अतापता नहीं लग रहा है। वहीं उन्होंने इंदिरापुरम के मुद्दों पर चर्चा जिसमें सीवर, लाइट सड़क, पार्क इन मुद्दों पर काफी जोर देने की बात की है। पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया है कि जो नगर निगम विकास के कार्य करेगी, उन कार्यों पर भी इंदिरापुरम के पार्षदों को अवगत कराया जाए और इस पर विस्तार से चर्चा की जानी चाहिए।

### उठाएंगे इंदिरापुरम हैंडओवर का मुद्दा : डा. अनिल तोमर



करंट क्राइम : इंदिरापुरम से पार्षद डॉ अनिल तोमर ने बताया है कि इंदिरापुरम हैंडओवर होने के बाद सीवर की समस्या क्षेत्र में उत्पन्न हुई है। वह कंट्रोल में नहीं है, प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी काम नहीं कर रहे हैं। प्लांट सुचारू रूप से नहीं चलता है। जिनके विरुद्ध कार्रवाई हो, उन्होंने बताया है कि बोर्ड बैठक देरी से हो रही है, इसमें सबको बोलने का मौका दिया जाए। बोर्ड बैठक कम से कम दो दिन तक हो वरना कुछ लोग ही माइक लेकर अपनी बात करते हैं, कुछ पार्षदों को मौका नहीं मिलता।

### महिला पार्षदों को भी मिले बोर्ड बैठक में बोलने का मौका : प्रीति जैन



करंट क्राइम : इंदिरापुरम इलाके से महिला पार्षद वार्ड 99 से प्रीति जैन ने बताया कि जो भी विकास कार्य हो रहे हैं, उनपर चर्चा की जाए। पार्षद प्रीति ने बताया है कि हाउस टैक्स नगर निगम जो भेज रहा हैं, उनपर 20% की छूट है। लेकिन जिस समय जमा करते हैं कोई छूट नहीं मिलती है। इसपर भी लोगों का विवाद है। समय से बिल जमा करने पर जो छूट दी जा रही है, पर वो पूरी नहीं मिल रही। पार्क, सड़क, सफाई और सीवर का मुद्दा अभी भी बड़ी व मेन समस्या है।

# भाजपा महिला मोर्चा की कमान आएगी इस बार किसके हाथों में

## क्या सधेगा यहां जातीय समीकरण या वरिष्ठता को मिलेगा स्थान

**संगठन घोषित होने के बाद जब मोर्चों के गठन की बारी आएगी तो क्या महिला मोर्चा में इस बार कोई नया चेहरा आएगा।**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा की राजनीति की बात करें तो यहां पर मुख्य संगठन के साथ-साथ मोर्चों की राजनीति का भी अपना ही एक अलग महत्व है। भाजपा की राजनीति में भाजपा युवा मोर्चा, भाजपा महिला मोर्चा, भाजपा ओबीसी मोर्चा और भाजपा किसान मोर्चा अहम जाने जाते हैं। महिला राजनीति की बात करें तो महिला मोर्चा को एक तरह से महिला राजनीति की प्रथम पाठशाला भी कहा जाता है। यहां से एक पहचान मिलती है और फिर राजनीति में मुख्य संगठन से लेकर चुनाव लड़ने तक का भी मौका मिलता है। अगर हम पुराने चेहरों की बात करें तो यहां पूर्व मेयर आशा शर्मा, मौजूदा मेयर सुनीता दयाल भी भाजपा के महिला मोर्चा का हिस्सा रही हैं। अब जब भाजपा में नए अध्यक्ष की घोषणा का इंतजार हो रहा है तो इसी के साथ ये भी इंतजार हो रहा है कि महानगर की टीम में किसे स्थान मिलेगा। वहीं एक चर्चा मुख्य संगठन में महिला को कमान दिये जाने की है। ऐसे में अब महिला मोर्चा की टीम भी चर्चा में हैं। संगठन घोषित होने के बाद जब मोर्चों के गठन की बारी आएगी तो क्या महिला मोर्चा में इस बार कोई नया चेहरा आएगा। इस मोर्चे की कमान के लिये जातीय समीकरण साधा जाएगा या वरिष्ठता को स्थान मिलेगा। सभी की नजर इस पर है।

### पूनम कौशिक, उदिता त्यागी के बाद अब किस चेहरे को मिलेगी कमान



करंट क्राइम। भाजपा की महिला राजनीति में महानगर वाला ताज किसके सिर पर आएगा। यहां भाजपा ने पूनम कौशिक को महिला मोर्चा का महानगर अध्यक्ष बनाया था। इसके बाद उदिता त्यागी को महानगर संयोजिका की कमान मिली। हालांकि ये इत्तेफाक ही रहा कि उदिता त्यागी का पूरा फोकस हिंदुत्व की ओर मुड़ गया और वो कुंभ मेले से लेकर देहात के मंदिरों तक लाइव करती दिखाई दीं। वहीं पूनम कौशिक बैकफुट पर नजर आईं। दोनों ही महिला नेता ऊर्जावान हैं, भाजपा की सक्रिय कार्यकर्ता हैं और हो सकता है कि उनकी अपनी प्राथमिकताएं रही हों। ऐसे में एक चर्चा ये है कि पूनम कौशिक और उदिता त्यागी के बाद अब यहां अध्यक्ष पद की कमान किसे मिलेगी। भाजपा इस मोर्चे के लिये ओबीसी कार्ड खेलेगी या फिर किसी अन्य फैक्टर पर विचार होगा। फिलहाल इंतजार हो रहा है।

### महानगर अध्यक्ष पद के लिए आए थे 63 आवेदन और यहां रहेगा क्या सीन

करंट क्राइम। भाजपा की महिला राजनीति पूरी तरह से एक्टिव मोड में रहती है। संगठन के आयाम, प्रकल्प और सभी फॉर्मेट के कार्यक्रम में महिला मोर्चा आगे रहता है। भाजपा में सक्रिय महिला नेताओं की कमी नहीं हैं। यहां ओबीसी वर्ग से भी नेता हैं तो सामान्य वर्ग से भी नेता हैं। यहां मंडल वाले भी दमखम रखते हैं और महानगर वाले भी दावेदारी में हैं। ऐसे में एक बड़ा सवाल ये है कि जब महिला मोर्चा का नंबर आएगा तो कितनी महिला नेता अध्यक्ष पद के लिये फ्रंट पर आएंगी। महानगर अध्यक्ष पद के लिये रिकॉर्ड नामांकन हुए थे। यहां महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी करने वालों का आंकड़ा 60 के पार हो गया था। ऐसे में क्या महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनने के लिये ये आंकड़ा 30 तक पहुंचेगा। क्या कोई मंडल स्तर की महिला नेता महानगर की दावेदारी करेगी। क्या महानगर महिला मोर्चा की मौजूदा टीम के पदाधिकारी महानगर अध्यक्ष पद मांगेंगे। महानगर अध्यक्ष की घोषणा के साथ-साथ महिला मोर्चा की दावेदारी भी अंदरखाने चल रही है।

## गौड़ होम्स सोसायटी के चुनाव के आदेश हुए जारी, एक महीने के भीतर कराना होगा चुनाव




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गौड़ होम्स सोसायटी के चुनाव विगत सात वर्षों से नहीं हो रहे हैं। डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय में कार्यवाही धारा में समिति भंग की कार्यवाही करते हुए एक माह में चुनाव जिला प्रशासन की देखरेख में करवाने के आदेश दिये हैं। सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष अतुल त्यागी ने ये जानकारी देते हुए बताया कि गौड़ होम्स सोसायटी में 969 परिवार निवास करते हैं। सोसायटी में वर्ष 2018 में जिला प्रशासन की देखरेख में चुनाव हुए थे और दस सदस्यीय बोर्ड का गठन हुआ था। उसके बाद से कोई चुनाव नहीं करवाया गया है। इसकी शिकायत डिप्टी रजिस्ट्रार के यहां कराई गई थी और यहां से उपजिलाधिकारी न्यायालय में यह प्रकरण भेज दिया गया था। इसके बाद वर्तमान कमेटी को अवैध घोषित किया गया और वर्ष 2023 में चुनाव अधिकारी भी नियुक्त हुए। लेकिन इसमें वर्तमान कमेटी के मुकेशपाल सिंह ने हाईकोर्ट से स्टे ले लिया। फिर वर्ष 2024 में बिना शर्त केस वापस ले लिया और इसके बाद डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय का चुनाव आदेश प्रभावी हो गया। अब डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा अपने पूर्व के आदेश के आधार पर उन्हें उत्तर प्रदेश अपार्टमेंट एक्ट की धारा की कार्यवाही करते हुए एक महीने में चुनाव जिला प्रशासन की देखरेख में करवाने के आदेश पारित किये हैं।

# दिनेश कुमार गोयल एमएलसी ने पुरजोर तरीके से विधान परिषद में उठाई मेट्रो यात्रियों की समस्या



**नमो भारत ट्रेन और मेट्रो के रूट जोड़ने तथा राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में गति लाने की मांग की**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद द्वारा विधान परिषद में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से दिल्ली और नोएडा के लिए मेट्रो सेवाओं का उपयोग करने वाले हजारों दैनिक यात्रियों की समस्या उठायी जिसमें कहा कि वैशाली मेट्रो स्टेशन का कार्य वर्ष 2011 में शुरू किया गया था और मोहन नगर और नोएडा 62 मेट्रो स्टेशनों का कार्य मार्च 2019 में शुरू किया गया था। परन्तु 6 वर्ष का समय व्यतीत होने के उपरान्त इन 3 मैट्रो स्टेशनों को जोड़ने का कार्य अभी तक नहीं हो पाया है, जिससे गाजियाबाद से राजीव चौक और दिल्ली के किसी अन्य हिस्से और नोएडा 62 और नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अन्य सेक्टरों में यात्रा करने वाले हजारों दैनिक यात्रियों को बहुत असुविधा हो रही है। नमो भारत ट्रेन और मेट्रो रेल के रूट काफी अलग है। नमो भारत ट्रेन का रूट सराय काले खां से शुरू होकर मेरठ तक जाता है। अगर उपरोक्त दो गैप को तीन स्टेशनों, यानी मोहन नगर, वैशाली और नोएडा 62 के बीच जोड़ दिया जाए तो इससे गाजियाबाद से दिल्ली के किसी भी हिस्से और नोएडा और ग्रेटर नोएडा के किसी भी हिस्से में जाने वाले हजारों दैनिक यात्रियों को फायदा होगा।

### दिनेश कुमार गोयल ने लोक महत्व के इन सुनिश्चित विषयों के निस्तारण के लिए चर्चा/वक्तव्य की मांग की

करंट क्राइम। राजस्व संबंधी मामलों में मुख्यमंत्री की सहृदयता और तत्परता की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है, परन्तु कई जिलों में राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों द्वारा विरासत संबंधी मामलों की फाईल लटका दी जाती है। शासन स्तर पर सजगता के कारण लगातार इस तरह के मामलों मे कमी आ रही है किन्तु गाजियाबाद, आजमगढ़, प्रयागराज, अयोध्या, जौनपुर, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर, बिजनौर, मेरठ, चंदौली, प्रतापगढ जैसे कई जनपदों में मामलों के निस्तारण की प्रगति धीमी है। इसलिए लोक महत्व के इन सुनिश्चित विषयों के निस्तारण हेतु चर्चा/वक्तव्य की मांग करता हूँ।

# दमकल विभाग वाले भी कमाएंगे महाकुंभ का पुण्य

## 7 मार्च को चार कैंटर में गाजियाबाद पहुंच रहा है संगम का पवित्र जल

### - मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 75 जिलों में गंगाजल उपलब्ध कराने का दिया है निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अगर आप प्रयागराज में आयोजित हुए महाकुंभ 2025 में आस्था की डुबकी नहीं लगा पाए हैं और वहां के पवित्र संगम घाट के गंगाजल से स्नान करना चाहते हैं, तो आपके लिए एक मौका अभी भी बाकी है। दरअसल महाकुंभ की समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 75 जिलों की दमकल लोकल यूनिट को निर्देश दिए हैं कि उनके जिले से दमकल की जो गाड़ियां प्रयागराज महाकुंभ ड्यूटी में गई थी, वह अपने जिले में लौटेंगी तो वहां से प्रयागराज संगम घाट से गंगाजल लेकर आएंगी। यह गंगाजल पुलिस लाइन पहुंचेगा और पुलिस लाइन से लोगों और कई सामाजिक संस्थाओं व अन्य जगह गंगाजल वितरित किया जाएगा ताकि लोग इसका इस्तेमाल कर सकें।

### सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए थे गंगाजल पहुंचने के निर्देश

करंट क्राइम : बीते दिनों मुख्यमंत्री जब महाकुंभ महोत्सव के समापन पर पहुंचे थे, तो उन्होंने अग्निशमन विभाग की एडीजी को निर्देश दिया था कि सभी जिलों से आए दमकल के वाहनों को खाली ना भेजा जाए। इनमें गंगाजल भरके भेजा जाए ताकि सरकार हर जिले और अधिकतम लोगों तक गंगाजल पहुंचा सके। इसी कड़ी को प्रत्येक जिले में अब गंगा जल पहुंचाया जा रहा है।

### सात तारीख को गाजियाबाद पुलिस लाइन पहुंचेंगे चार कैंटर



करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल से मिली जानकारी के अनुसार प्रयागराज से महाकुंभ खत्म होने के बाद वहां चार गाड़ी गाजियाबाद की मौजूद हैं। यह चार गाड़ी प्रयागराज संगम त्रिवेणी घाट से गंगाजल लेकर गाजियाबाद आएंगी। 7 मार्च को यह गंगाजल लोगों, धार्मिक संस्थाओं और जो लोग गंगाजल व महाकुंभ के प्रसाद को ग्रहण करना चाहते हैं उनको पुलिस लाइन से यह वितरित किया जाएगा।

## 3आर और सर्कुलर इकोनॉमी को लेकर जयपुर में 40 देशों की कार्यशाला आयोजित

# गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जयपुर कार्यशाला में किया प्रतिभाग






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 3आर और सर्कुलर इकोनामी को लेकर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में एशिया तथा पेसिफिक क्षेत्र का भव्य आयोजन हुआ जिसमें गाजियाबाद नगर निगम ने भी हिस्सा लिया नगर। आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित रहकर 3आर और सर्कुलर इकोनामी हेतु लगाई गई। प्रदर्शनियों को भी देखा गया तथा गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी चर्चा की गई, जिसमें नगर आयुक्त द्वारा स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड, ग्रीन म्युनिसिपल बोंड प्रोजेक्ट, म्यूजिकल स्क्वायर वेस्ट से बेस्ट मुहिम, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट व अन्य चल रहे प्रोजेक्ट पर प्रेजेंटेशन



### गाजियाबाद नगर निगम के प्रोजेक्ट पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने दी प्रेजेंटेशन

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम के प्रोजेक्ट पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की। नगर आयुक्त द्वारा कार्यशाला में लगाई गई प्रदर्शनियों पर भी जाकर जानकारी साझा की गई तथा देशभर में 3आरऔर सर्कुलर इकोनामी हेतु महत्वपूर्ण चल रहे कार्यों के बारे में जानकारी भी ली गई, जिनके माध्यम से 3आर और सर्कुलर इकोनामी के नव चारों ओर समाधानों का प्रदर्शन किया गया गाजियाबाद नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी साथ में उपस्थित रहे।

### वेस्ट टू वैल्यू पर लगी हुई विभिन्न प्रदर्शनियों पर गाजियाबाद नगर निगम ने दी जानकारी



3आर और सर्कुलर इकोनामी की तीन दिवसीय कार्यशाला में भारत के साथ-साथ अन्य 40 देशों का भी सहयोग रहा है, वेस्ट टू वैल्यू पर गाजियाबाद नगर निगम उत्तर प्रदेश के नगर निगम में बेहतर कार्य कर रहा है जिसके फलस्वरूप प्रदेश में तथा पूरे भारतवर्ष में कई बार नगर आयुक्त द्वारा चल रहे कार्यों की प्रेजेंटेशन दी गई। इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम को भारत सरकार अवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा, 3आर और सर्कुलर इकोनामी की कार्यशाला में भी आमंत्रित किया गया है, जो की सराहनीय है, लखनऊ प्रयागराज वाराणसी द्वारा भी उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से हिस्सा लिया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय एशिया तथा पेसिफिक क्षेत्र का सतत विकास तथा लक्ष का कार्बन तटस्थता की दिशा में निर्माण करना है जिसमें नई जानकारी और नई योजनाओं के साथ गाजियाबाद नगर निगम शहर हित में और बेहतर कार्य करने के लिए तैयार है जिसमें जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लेते हुए शहर वासियों को वेस्ट टू वैल्यू की तरफ जागरूक किया जाएगा।

## संपादकीय

# नया द्विपक्षीय दौर

गत सप्ताह एक आयोजन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने द्विपक्षीय वाताओं और समझौतों के बढ़ते महत्त्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बहुपक्षीयता ह्यएक तरह से समाप्तह्न हो गई है। उन्होंने दलील दी कि ऐसी स्थिति में भारत को व्यापार, निवेश और रणनीतिक रिश्तों में ऐसे द्विपक्षीय समझौतों पर जोर देना होगा। भारत के हितों को प्राथमिकता देने के लिए अंतरराष्ट्रीय संबंधों को इस तरह से आकार देना आवश्यक होगा। सीतारमण की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब यूरोपीय आयोग भारत की यात्रा पर है और जिसके परिणामस्वरूप द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते के लिए आकांक्षी समयसीमा की घोषणा की गई। ऐसे मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करना उस ह्यरीसेटह्न के लिए आवश्यक होगा जिसके बारे में सीतारमण ने बात की।

सीतारमण ने वैश्विक शासन के बदलते परिदृश्य पर जो दृष्टिकोण पेश किया है उसका समर्थन करने वाले कई प्रमाण मौजूद हैं। बीते दशक में दुनिया के कई हिस्सों में लोकलुभावन आंदोलनों ने उस आधार को चुनौती दी है जिस पर वैश्वीकरण को अंजाम दिया गया था। दूसरे विश्व युद्ध के बाद की विश्व व्यवस्था भी इसी पर आधारित थी। यहां तक कि बहुपक्षीयता में बहुत अधिक भरोसा करने वाले लोग भी विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसे संस्थानों में चीन के भारी प्रभाव को देखकर निराश हैं। विश्व व्यापार संगठन भी चीन द्वारा अपने निर्यात क्षेत्रों को दी जा रही छिपी हुई सब्सिडी पर लगाम लगा पाने में विफल रहा। ऐसे में वह विश्व व्यापार के लिए समान क्षेत्र नहीं निर्मित कर पाया। परंतु बहुपक्षीय व्यवस्था को सबसे बड़ा झटका इसके मुख्य गारंटर और प्रायोजक अमेरिका के पाला बदलने से लगा।

राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के अधीन अमेरिका ने जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते से दूरी बना ली है। अमेरिका द्वारा विश्व व्यापार संगठन की अपील संस्था में कर्मचारी रखने से इनकार करने के बाद यह संस्था नख दंत विहीन हो गई है। विभिन्न देशों पर मनमाना टैरिफ लागू करने से विश्व व्यापार के बुनियादी सिद्धांतों को नुकसान पहुंचा है। यह अच्छी खबर नहीं है। बहुपक्षीय संस्थानों और नियम आधारित व्यवस्था यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में बड़े देश, छोटे देशों के साथ किस तरह का आचरण करते हैं इस पर कुछ नियंत्रण कायम किया जा सके। समान द्विपक्षीय समझौते बहुत कम होते हैं क्योंकि वार्ता में शामिल पक्षों का आकार और उनकी ताकत भी ध्यान में रखी जाती है। भारत विश्व व्यापार में बहुत मजबूत उपस्थिति नहीं रखता है और वह ऐसी स्थिति में नहीं है कि जहां वह अपनी प्राथमिकता को द्विपक्षीय ढंग से आरोपित कर सके।

बहरहाल, उसे वर्तमान वैश्विक हालात से निपटने के लिए बेहतर से बेहतर तैयारी करनी चाहिए। उसे उन बहुलवादी संस्थानों में शामिल होना चाहिए जो बहुपक्षीय संस्थानों का अनुकरण करने का प्रयास करते हैं। उदाहरण के लिए विश्व व्यापार संस्था की स्वैच्छिक बहुपक्षीय अंतरिम अपील मध्यस्थता व्यवस्था। इसे द्विपक्षीय वाताओं के लिए उपलब्ध संसाधनों और क्षमताओं का भी विस्तार करने की आवश्यकता है। सरकार को अंतरविभागीय प्रक्रिया गठित करनी चाहिए ताकि अन्य मंत्रालयों या विभागों से संबंधित मुद्दों या विनियमों पर राजनयिकों या आर्थिक संबंधों के अफसरशाहों द्वारा ऐसी वाताओं में चर्चा किए जाने पर होने वाली देरी को कम से कम किया जा सके। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसे यह चिह्नित करना होगा कि उसे ऐसी द्विपक्षीय चचाओं में अधिक से अधिक लक्षित रियायत देनी होगी। अब वह समय नहीं रहा जब बहुपक्षीय स्तर पर आसानी से मुद्दों को वीटो कर दिया जाता था। अब यह आवश्यक है कि रियायत दी जाएं और बहुपक्षीय स्तर पर मोलभाव किया जाए।

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता इस नए द्विपक्षीय दौर में भारत की प्रतिबद्धता के लिए परीक्षण का विषय होगा। इस समझौते को लेकर उच्च स्तरीय राजनीतिक ऊर्जा और ध्यान स्वागतयोग्य है और इस वर्ष के अंत तक इसे पूरा करने के वादे पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास होना चाहिए।

## शेयर बाजार धोखाधड़ी

# सेबी ने दी प्रतिक्रिया, कहा- उचित कानूनी कदम उठाएंगे



**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि वह विशेष एसीबी अदालत के आदेश को चुनौती देने के लिए कानूनी कदम उठाएगा। सेबी ने यह भी कहा कि वह सभी मामलों में उचित विनियामक अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है। अदालत ने वर्ली और मुंबई के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को निर्देश दिया है कि वे एक कंपनी के स्टॉक एक्सचेंज में धोखाधड़ी से सूचीबद्ध होने के आरोपों की जांच करें और भारतीय दंड सहिंता, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, सेबी अधिनियम और अन्य लागू कानूनों के तहत प्राथिमिकी दर्ज करें। विशेष न्यायाधीश एस.ई. बांगर ने यह निर्देश ठाणे के पत्रकार सपन श्रीवास्तव की ओर से दायर याचिका पर दिया। इस मामले में सेबी की पूर्व प्रमुख माधबी पुरी बुच और सेबी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी आरोपी हैं।

**याचिकाकर्ता आदतन मुकदमे करने वाला: सेबी** - अदालत के आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए सेबी ने एक बयान में कहा, सेबी की पूर्व प्रमुख, तीन मौजूदा पूर्णकालिक सदस्यों और बीएसई के दो अधिकारियों के खिलाफ मुंबई की एसीबी अदालत के खिलाफ एक आवेदन दायर किया गया था। हालांकि, ये अधिकारी प्रासंगिक समय पर अपने पदों पर नहीं थे, फिर भी अदालत ने बिना कोई नोटिस जारी किए या सेबी के तथ्यों को रिकॉर्ड पर रखने के लिए कोई अवसर दिए दिए बिना आवेदन को मंजूरी दी। सेबी ने कहा कि आवेदक को एक आदतन मुकदमा करने वाले के रूप में जाना जाता है, जिसके पिछले आवेदनों को अदालत ने खारिज कर दिया था और कुछ मामलों में जुमार्ना भी लगाया था।

**याचिकाकर्ता ने क्या आरोप लगाया था :** याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि सेबी के अधिकारियों ने एक ऐसी कंपनी को सूचीबद्ध करने की अनुमति देकर शेयर बाजार में हेराफेरी और कॉर्पोरेट धोखाधड़ी को सक्षम किया, जो तय मानदंडों को पूरा नहीं करती थी। याचिकाकर्ता का दावा है कि सेबी की विफलता के कारण वित्तीय धोखाधड़ी, अंदरूनी व्यापार और सार्वजनिक धन की हेराफेरी हुई। इसके अलावा, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर आरोप लगाया गया है।

# हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार ने गंवाई शुरुआती बढ़त, ऊपर चढ़कर लुढ़के सेंसेक्स-निफ्टी





**मुंबई।** शेयर बाजार हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को हरे निशान पर खुला। हालांकि, जल्द ही बाजार लाल निशान पर भी आ गया। बीते हफ्ते गिरावट के सुनामी में फंसे निवेशकों के लिए दिन की शुरूआत तो अच्छी हुई, लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकी। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 429.31 अंक चढ़कर 73,627.41 अंक पर आ गया। ऐसे ही निफ्टी 130 अंक बढ़कर 22,254.70 अंक पर पहुंचा। हालांकि, थोड़ी देर बाद सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट देखने को मिली और यह लाल निशान पर पहुंच गया। इसके अलावा शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया छह पैसे बढ़कर 87.31 डॉलर के स्तर पर पहुंचा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 11,639.02 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.55 प्रतिशत बढ़कर 73.21 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे मजबूत

**ऐसी रही बाजार की चाल :** प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने सोमवार को कारोबार की शुरूआत बढ़त के साथ की, लेकिन जल्द ही विदेशी कोषों की निकासी के कारण बाजार लाल निशान में आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भारी बिकवाली से भी बाजार की धारणा कमजोर हुई। शुरूआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 451.62 अंक चढ़कर 73,649.72 पर और एनएसई निफ्टी 136.85 अंक चढ़कर 22,261.55 पर पहुंच गया। हालांकि, जल्द ही दोनों सूचकांक गिरावट के साथ कारोबार करने लगे और लाल निशान में आ गए। एक वक्त पर बीएसई सेंसेक्स 249.53 अंक गिरकर 72,948.57 पर और एनएसई निफ्टी 61.50 अंक गिरकर 22,063.20 पर था।

सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, जोमैटो, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस और भारती एयरटेल में तेजी का रुख था।

रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे बढ़कर 87.28 पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और मजबूत वृहद आर्थिक आंकड़ों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में कुछ सुधार के संकेत के कारण रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.36 पर खुला और अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले बढ़त के साथ 87.28 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की बढ़त दर्शाता है।

# निवेश: बाजार में गिरावट के बाद भी बंद न करें एसआईपी

## चक्रवृद्धि ब्याज की शक्ति में रखें भरोसा





**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में गिरावट लगातार जारी है। सेंसेक्स और निफ्टी 27 सितंबर, 2024 के बाद से अब तक क्रमशः 14.86 फीसदी और 15.80 फीसदी टूट चुके हैं। ऐसे में सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंड में पैसा लगाने वाले निवेशकों के बीच यह सवाल उठने लगा है कि क्या उन्हें अपना निवेश जारी रखना चाहिए या बंद कर देना चाहिए।

विशेषज्ञों का मानना है कि गिरते बाजार के कारण एसआईपी बंद नहीं करना चाहिए। जो निवेशक चक्रवृद्धि ब्याज की शक्ति में भरोसा करते हैं, उन्हें बाजार में गिरावट को अवसर मानकर लंबी अवधि में अच्छा रिटर्न पाने के लिए अपना निवेश बढ़ा देना चाहिए।

**निवेश के मूल्यांकन का उचित समय :** निवेश सलाहकार स्वीटी मनोज जैन का कहना है कि एसआईपी निवेश का सिर्फ एक तरीका है। आखिरकार, आपका पैसा किसी फंड में जाता है, इसलिए बाजार में गिरावट के बीच यह मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण हो जाता है कि आपने सही फंड में निवेश किया है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम क्षमता के अनुरूप है।

# फिक्स्ड डिपॉजिट पर उच्च ब्याज पाने का अंतिम मौका

## लंबी अवधि में मिल सकता है बेहतर लाभ





**नई दिल्ली।** आरबीआई ने दो साल बाद फरवरी में रेपो दर को 0.25 फीसदी घटाया था। इसके बाद से अब तक करीब एक महीने तक बैंकों ने कर्ज और जमा दोनों पर ब्याज दरों को जस का तस रखा था। हालांकि, अब कर्ज और जमा पर ब्याज दरें घटनी शुरू हो गई हैं।

इसके बावजूद कई बैंक अब भी जमा पर ऊंची ब्याज दर दे रहे हैं। ऐसे में अगर आप बाजार की इस भारी गिरावट में सुरक्षित और अच्छे ब्याज पर पैसा जमा करना चाहते हैं तो यह संभवतः अंतिम मौका है। कई बैंक 7 से लेकर 9 फीसदी तक ब्याज दे रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों को इससे भी ज्यादा ब्याज मिल रहा है।

**ये बैंक दे रहे 8.05 फीसदी तक ब्याज :** बंधन बैंक एक साल के एफडी पर इस समय 8.05 फीसदी ब्याज दे रहा है। इंडसइंड बैंक इसी अवधि के लिए 7.75 फीसदी ब्याज दे रहा है। यस बैंक जहां 7.75 फीसदी दे रहा है, आरबीएल बैंक भी इसी दर से एफडी कर रहा है। कर्नाटक बैंक 7.25 फीसदी ब्याज दे रहा है। डीसीबी बैंक इन सबसे कम 7.1 फीसदी ब्याज की पेशकश कर रहा है। अलग-अलग अवधि पर एचडीएफसी बैंक 7.4 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 7.25 फीसदी, कोटक महिंद्रा 7.4 फीसदी और फेडरल बैंक 7.5 फीसदी ब्याज दे रहा है।

वरिष्ठ नागरिकों को 0.50 फीसदी अधिक मिल रहा है। एसबीआई की ब्याज दर 7 से 7.5 फीसदी, बैंक ऑफ बड़ौदा की 7.15 फीसदी और यूनियन बैंक की 7.30 फीसदी है।

## राशिफल

**मेष:** आज भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। नए कॉन्टैक्ट से फायदा हो सकता है। आज अपने मेहनत पूर्ण कार्य से अपने बॉस का मन मोह लेंगे।

**वृष:** आज का दिन आप में से कुछ के लिए काफी विवादास्पद साबित हो सकता है। आपको अपने वरिष्ठों की उपेक्षा का सामना करना पड़ेगा।

**मिथुन:** आज अचानक घर परकोई मेहमान आयेंगे। इस राशि के विद्यार्थियों को आज कड़ी मेहनत करने की जरूरत है।

**कर्क:** मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। भौतिक सुख सुविधाओं की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। व्यक्तिगत समस्याएं हल होंगी। छोटे भाई-बहनों के साथ मेल-जोल रहेगा।

**सिंह:** आपको नौकरी या काम-काज से जुड़े कई नए विकल्प मिल सकते हैं। जल्दबाजी में निर्णय लेने से आपको बचना चाहिए।

**कन्या:** आज आप परिवार वालों के साथ खुशी के पल बितायेंगे। इस राशि के जो लोग मार्केटिंग से जुड़े हुए हैं, उन्हें आज तरक्की के कई सुनहरे मौके मिलेंगे।

**तुला:** दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा। कोई इच्छा पूरी होगी। अविवाहित लोगों के लिए दिन अच्छा है। विवाह प्रस्ताव भी मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक:** अच्छे स्वास्थ्य का आनंद लेंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। आय में वृद्धि संभव है। नए अधिग्रहण होंगे जो आपकी सामाजिक स्थिति में सुधार करेंगे।

**धनु:** खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। इस राशि के इंजीनीयर्स अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे।

**मकर:** किसी काम के कारण यात्रा करनी होगी। मानसिक भटकाव के कारण काम पर ध्यान देने में कठिनाई होगी। अपने दिल की बातें पार्टनर से बिल्कुल न छुपाएं।

**कुंभ:** मिले-जुले परिणाम मिलेंगे, लेकिन वे आपके पक्ष में रहेंगे। बेकार की गतिविधियों में अपना समय और ऊर्जा बर्बाद न करें। अपने निर्णयों पर उचित ध्यान दें।

**मीन:** आज परिवार वालों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का मौका मिलेगा। इस राशि के बुक सैलर के लिए आज का दिन लाभ दिलाने वाला होगा।

## चुटकुले

चीकू- अरे ये लोग बार-बार बॉल को लात क्यों मार रहे हैं?
मीकू- अरे वे सभी गोल कर रहे हैं।
चीकू- बॉल तो पहले से गोल है, और कितना गोल करेंगे।

पंडित जी- विवाह क्या है?
मौंटी- विवाह एक ऐसा गठबंधन है, जिसमें 2 लोग मिलकर उन समस्याओं को सुलझाने का जीवन भर प्रयास करते हैं। जो पहले कभी थी हीं नहीं।

टीचर- 4 और 4 कितने होते हैं?
गोलू- 10 होते हैं।
टीचर- 8 होते हैं... नालायक
गोलू- हम दिलदार घर से हैं... 2 मैंने अपने खुद के भी डाले हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला पासवर्ड 123456 है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग ज्यादातर अपने आप से बातें करते हैं।
- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।
- जरुरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।
- चीनी को जब चोट पर लगाया जाता है, तो दर्द कम हो जाता है।
- 92% लोग सिर्फ हंस देते हैं, जब उन्हें सामने वाले की बात समझ नहीं आती है।
- पिस्ता आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसके सेवन से दृष्टि में सुधार होता है।
- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं।

## 04 03 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



श्रद्धा दास
अभिनेत्री



नक्ष नागर



पूनम गर्ग



नंदिता कुमार



सोनू अरोड़ा
पत्रकार





जितेन्द्र कुमार राणा



आशीष सिंघल



अमित भारद्वाज



चंद्र भूषण श्रीवास्तव



दीपक राठी



सुरेश कुमार ओझा



साजिद मलिक



रहीस अहमद



गुरुदीप सिंह



गजेन्द्र सिंह

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com


प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी



दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# फैंस के लिए खुशखबरी, विश्व कप क्वालिफायर में अर्जेंटीना की कमान मेसी संभालेंगे



**अर्जेंटीना।** अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने उरूग्वे और ब्राजील के खिलाफ दक्षिण अमेरिका विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैचों के लिसे लियोनेल मेसी की अगुआई में 33 खिलाड़ियों की प्रारंभिक टीम चुनी है ।टीम में अंडर 21 स्ट्राइकर क्लाउडियो इचेवेरी को भी शामिल किया गया है जो हाल ही में मैनचेस्टर सिटी से जुड़े हैं। इनके अलवा निकोलस पाज, बेंजामिन डोमिनगेज और सैंटियागो कास्ट्रो भी टीम में हैं जो 21 वर्ष से कम उम्र के हैं।

अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि उरूग्वे के 20 अंक हैं। पहला मैच मोंटेवीडियो में 21 मार्च को खेला जायेगा । इसके चार दिन बाद विश्व कप विजेता अर्जेंटीना टीम ब्यूनस आयर्स में ब्राजील से खेलेगी।

# घर का भेदी लंका ढाए... सेमीफाइनल में भारतीय खिलाड़ी ही बनेगा टीम इंडिया का काल, ऑस्ट्रेलिया की तगड़ी चाल



**तनवीर संघा एक लेग स्पिन गेंदबाज हैं और दुबई की स्लो विकेट पर ऑस्ट्रेलियाई टीम मैनेजमेंट उन्हें प्लेइंग 11 में चुन सकता है। उन्होंने अब तक 3 वनडे और 7 टी20 मुकाबले खेले हैं। जहां वनडे में उनके नाम 2 वहीं टी20 में 10 विकेट हैं।**

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी अब अपने आखिरी चरण में पहुंच चुकी है। इस टूनामेंट में टॉप चार टीमें बची हुई हैं। जहां पहले सेमीफाइनल में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से है, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका की टीम न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। टीम इंडिया को एक और आईसीसी टूनामेंट जीतने के लिए भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया जैसी खतरनाक टीम से पार पाना होगा। दुबई के मैदान पर भारतीय टीम अपने स्पिनर्स के दम पर ज्यादा मजबूत नजर आती है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया की टीम में भी एक ऐसा स्पिनर है जो टीम इंडिया के लिए मुसीबत बन सकता है।

### ऑस्ट्रेलिया की टीम में भारतीय स्पिनर

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के स्क्वॉड में तनवीर संघा भी शामिल हैं। तनवीर संघा एक लेग स्पिन गेंदबाज हैं और दुबई की स्लो विकेट पर ऑस्ट्रेलियाई टीम मैनेजमेंट उन्हें प्लेइंग 11 में चुन सकता है। संघा को एडम जैम्पा का जोड़ीदार बनाकर मैदान पर उतारा जा सकता है।

### ऑस्ट्रेलिया के लिए तनवीर संघा का योगदान

तनवीर संघा ने साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के लिए इंटरनेशनल डेब्यू किया है। उन्होंने अब तक 3 वनडे और 7 टी20 मुकाबले खेले हैं। जहां वनडे में उनके नाम 2 वहीं टी20 में 10 विकेट हैं। तनवीर संघा से पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए एक और भारतीय ने इंटरनेशनल क्रिकेट खेला है और उनका नाम गुरिंदर सिंह संधू है।

### भारत से है कनेक्शन

तनवीर संघा का जन्म तो ऑस्ट्रेलियाई शहर सिडनी में ही हुआ था। लेकिन उनके पिता जोगा संघा भारतीय हैं। वह पंजाब के जोगा के रहने वाले हैं। हालांकि 1997 में तनवीर के पिता भारत छोड़कर ऑस्ट्रेलिया शिफ्ट हो गए थे और उन्होंने उधर टैक्सी चलाना शुरू कर दिया था। वहीं तनवीर की मां का नाम उपनीत है और वह पेशे से अकाउंटेंट हैं। तनवीर संघा कई बार भारत आ चुके हैं, उनका इंडिया में परिवार रहता है। लेकिन क्रिकेट पर फोकस करने की वजह से पिछले कुछ साल से हिंदुस्तान नहीं आ पाए हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले जिस फैसले पर थे सवाल, वही टीम इंडिया के लिए बना 'ट्रंप कार्ड'



**मुंबई।** 11 फरवरी 2025 को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गई टीम इंडिया में बदलाव हुआ। यशस्वी जायसवाल के स्थान पर वरुण चक्रवर्ती को दुबई जाने वाले 15 खिलाड़ियों में जगह मिली।

इस एलान के साथ टीम में स्पिनर्स की संख्या चार से बढ़कर पांच हो गई। भारतीय क्रिकेट इतिहास के दूसरे सबसे कामयाब गेंदबाज आर अश्विन ने इस फैसले पर सवाल उठाए। अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किए वीडियो में उन्होंने कहा, मुझे समझ नहीं आ रहा क्यों टीम इंडिया इतने स्पिनर्स को दुबई ले जा रही है।

सवाल उठाने वाले अश्विन अकेले नहीं थे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने क्रिकबज से बात करते हुए कहा, टीम में पांच स्पिनर्स को चुनना शायद ज्यादा हो गया है। लेकिन करीब 20 दिन बाद चयनकताओं का ये फैसला सही साबित होते हुए दिखाई दे रहा है।

## चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत के पास एडवांटेज

# दुबई में लगातार खेलने का फायदा, धीमी पिच के लिए टीम में 5 स्पेशलिस्ट स्पिनर

**दुबई।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में लगातार 3 मुकाबले जीत कर सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। 4 मार्च को नॉकआउट में टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में हराया था। हालांकि, अब मुकाबला दुबई में है, जहां स्पिनर हावी है। ऐसे में भारत को 3 एडवांटेज मिल सकते हैं।

दुबई में सेमीफाइनल, भारत यहां एक भी मैच नहीं हारा भारत चैंपियंस ट्रॉफी में हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने सभी मैच दुबई में खेल रहा है। टीम को एक जगह पर खेलने का फायदा भी मिल रहा है। टीम को ट्रैवल नहीं करना पड़ रहा, प्लेइंग-11 सिलेक्शन में आसानी हो रही। प्लेयर्स एक ही जगह, एक ही होटल में रह रहे हैं। इतना ही नहीं, एक ही मैदान पर प्रैक्टिस भी कर रहे हैं।

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में टीम इंडिया का वनडे रिकॉर्ड ओवरऑल काफी शानदार है। यहां




भारत ने 9 वनडे खेले और एक भी नहीं गंवाया। भारत को 8 में जीत मिली, जबकि एक मैच टाई रहा। हालांकि, टीम यहां पहली बार ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। हालांकि, दोनों टीमों के बीच ICC टूर्नामेंट के 8 मैच खेले गए। 4 में भारत और 4 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली। इसलिए कंगारुओं से कड़ी चुनौती मिल सकती है।

### टीम के पास 5 स्पेशलिस्ट स्पिनर

भारतीय स्पिनर्स की इकोनॉमी 5 से कम दुबई की धीमी पिच भारत ने 3 मैच में 4 स्पिनर्स को मौके दिए। कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा ने तीनों मैच खेले। 5 से कम की इकोनॉमी से रन खर्च किए और 9 विकेट लिए। वरुण चक्रवर्ती को न्यूजीलैंड के खिलाफ मौका मिला, उन्होंने मौके को भुनाया और महज 4.20 की इकोनॉमी से रन खर्च कर 5 विकेट झटक लिए।

न्यूजीलैंड के खिलाफ वरुण को तेज गेंदबाज हर्षित राणा की जगह मौका मिला था। टीम ने मोहम्मद शमी और हार्दिक पंड्या के रूप में 2 पेसर्स खिलाए थे। स्क्वॉड में वॉशिंगटन सुंदर के रूप में पांचवां स्पिनर भी मौजूद है, जो बैटिंग भी कर लेते हैं। हालांकि, 4 स्पिनर्स के प्लेइंग-11 में होते हुए पांचवें प्लेयर का शामिल होना मुश्किल है।

# भारत में एल क्लासिको खेलने आएंगे कई दिग्गज फुटबॉलर

## मुंबई के इस मैदान पर रियल मैड्रिड और बार्सिलोना का मुकाबला

**नई दिल्ली।** फुटबॉल के महान खिलाड़ी लुइस फिगो, रिवाल्डो और फर्नांडो मोरिएंटेस 6 अप्रैल को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में रियल मैड्रिड और बार्सिलोना के बीच खेले जाने वाले एल क्लासिको मैच में मैदान पर उतरने वाले हैं। रियल मैड्रिड और बार्सिलोना के बीच मुकाबला, जिसे आमतौर पर एल क्लासिको कहा जाता है, वर्ल्ड फुटबॉल में सबसे भयंकर प्रतिद्वंद्विता में से एक है।



### कई दिग्गज खिलाड़ी होंगे शामिल

पुर्तगाली दिग्गज लुइस फिगो होंगे जिन्होंने अपने शानदार करियर के दौरान बार्सिलोना और रियल मैड्रिड दोनों का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बार्सिलोना और रियल मैड्रिड दोनों के साथ दो-दो ला लीगा खिताब जीते। फिगो ने 2001-02 सीजन में लॉस ब्लैंकोस के साथ यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब भी जीता। इस बीच, ब्राजीलियाई आइकन और वर्ल्ड कप विजेता रिवाल्डो ने बार्सिलोना के साथ दो बार ला लीगा का ताज जीता। उनके मुंबई में भी खेलने की उम्मीद है।

फर्नांडो मोरिएंटेस भी खेलेंगे

पूर्व स्पेनिश फॉरवर्ड फर्नांडो मोरिएंटेस, जिन्होंने लॉस ब्लैंकोस के साथ दो ला लीगा मुकुट और तीन यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब जीते, बार्का बनाम मैड्रिड लीजेंड्स मैच में भी अपनी पूर्व टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों क्लबों के और भी फुटबॉल दिग्गज आने वाले समय में प्रदर्शनी मैच में अपनी भागीदारी की पुष्टि करने के लिए तैयार हैं।

यह पहली बार होगा कि रियल मैड्रिड और बार्सिलोना दोनों के पूर्व सितारे भारत में प्रतिष्ठित एल क्लासिको मैच में खेलेंगे। हालांकि, बार्सिलोना के दिग्गज सितंबर 2018 में एक बार पहले भी भारत का दौरा कर चुके हैं जब उन्होंने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में भारतीय फुटबॉल क्लब मोहन बागान का सामना किया था।

कैटलन के लिए जेवियर सविओला, रोजर गार्सिया, पेड्रो लैंडी, जरी लिटमैनन और जोफ्रे माटेउ के गोल की मदद से बार्सिलोना ने वो मैच 6-0 से जीत लिया। रियल और बार्सिलोना के बीच 55,000 की क्षमता वाले डीवाई पाटिल स्टेडियम में अप्रैल का प्रदर्शनी मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:00 बजे शुरू होने वाला है।

## मप्र मास्टर्स बैडमिंटन में इंदौर का दबदबा

# कमल-विनय की जोड़ी ने 16वीं बार जीता खिताब, प्रतीक ने दो वर्गों में मारी बाजी



**इंदौर।** मध्य प्रदेश राज्य मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में इंदौर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विंग्स ट्राफी की सातवीं मप्र राज्य मास्टर्स वेटरन्स बैडमिंटन स्पर्धा में कई खिलाड़ियों ने सफलता हासिल की।

इंदौर के कमल नवलानी और विनय रामचंदानी ने 60+ पुरुष युगल में भोपाल के दीपसिंह और शैलेन्द्र सिंह को 21-16, 21-16 से हराकर खिताब जीता। यह इस जोड़ी की 16वीं खिताबी जीत है। कमल और विनय 45+ से लेकर 50+, 55+ और अब 60+ वर्ग में भी विजेता बने हैं। कमल नवलानी व्यक्तिगत रूप से 18 बार खिताब जीत चुके हैं, जिनमें से दो बार उन्होंने अजय मोहता के साथ जीत हासिल की। प्रतीक गुजराती ने दोहरी सफलता हासिल की। उन्होंने 35+ पुरुष एकल खिताब जीता और विपुल बिंदल के साथ 35+ पुरुष युगल में भी विजय प्राप्त की। अन्य वर्गों में, राजेश तलवार और अम्बरीष नाडकर ने 55+ पुरुष युगल में जीत हासिल की। अजय मोहता और भोपाल के वसंत कुमार सोनी ने 65+ पुरुष युगल खिताब अपने नाम किया। महिला वर्ग में इंदौर की रिशु राय ने 45+ और नादिया मुजुमदार ने 40+ में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नितिन लश्करी ने 45+ पुरुष एकल में सफलता हासिल की। इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन के सह सचिव धर्मेश यशलहा ने इन सभी उपलब्धियों की जानकारी दी।

# फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ से हटाया प्रतिबंध

## अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में खेलने का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** फुटबॉल की विश्व नियामक संस्था फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) पर लगे निलंबन को हटा लिया है। यह फैसला पीएफएफ असाधारण कांग्रेस द्वारा सुझाए गए संवैधानिक परिवर्तनों को मंजूरी मिलने के बाद लिया गया।

पीएफएफ ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 27 फरवरी को पीएफएफ असाधारण कांग्रेस के सफल नतीजे के बाद फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ पर से निलंबन हटा दिया है और उसके पूर्ण सदस्यता अधिकार बहाल कर दिए हैं।

संस्था ने आगे कहा कि वह फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) के निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता है और पाकिस्तान फुटबॉल समुदाय को बधाई देता है।




फीफा ने 2017 और 2021 में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के कारण पाकिस्तान पर दो बार प्रतिबंध लगाया था। 2019 में, संगठन ने पीएफएफ के संचालन और चुनावों की निगरानी के लिए एक सामान्यीकरण समिति गठित की थी। हाल ही में, 7 फरवरी 2025 को फीफा ने निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने वाले संविधान को न अपनाने के कारण पाकिस्तान पर तीसरी बार प्रतिबंध लगाया था। लेकिन अब फीफा द्वारा अनुमोदित संविधान में बदलाव के बाद पीएफएफ को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में हिस्सा लेने की अनुमति मिल गई है।

फीफा की ताजा रैंकिंग में पाकिस्तान 198वें स्थान पर है। अब टीम अगले 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में खेलेगी, जहां उसे सीरिया, म्यांमार और अफगानिस्तान के साथ मुकाबला करना है। पाकिस्तान 25 मार्च को सीरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा।

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान की स्थिति

पाकिस्तान फुटबॉल टीम का प्रदर्शन बीते वर्षों में निराशाजनक रहा है। टीम 1962 मडेर्का कप और 1997 सैफ चैंपियनशिप में उपविजेता रही थी। हाल ही में, पाकिस्तान ने 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में हिस्सा लिया, लेकिन सबसे निचले स्थान पर रहा। उसका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला ताजिकिस्तान के खिलाफ था, जिसमें उसे 0-3 से हार मिली थी।

# क्या दुबई में टीम इंडिया को मिल रहा है फायदा, कप्तान रोहित शर्मा ने दिया मुंहतोड़ जवाब



**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी तो पाकिस्तान के पास है, लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम अपने मुकाबले दुबई में खेल रही है। बीसीसीआई ने टीम इंडिया को सुरक्षा कारणों के चलते पाकिस्तान भेजने से इन्कार कर दिया था, इसके बाद पीसीबी ने ही ये तय किया कि भारत अपने मैच दुबई में खेलेगा। अब अपने सारे लीग मैच जीतकर भारत ने सेमीफाइनल तक का सफर तय कर लिया है, लेकिन इससे कुछ पूर्व दिग्गजों को दर्द हो रहा है। उन्हें लगता है कि भारत अपने सारे मैच एक ही जगह खेल रहा है, इसका फायदा उसे मिल रहा है। अब कप्तान रोहित शर्मा ने इस तरह की बातों का मुंहतोड़ जवाब दिया है।

### टीम इंडिया ने लीग चरण के सभी तीन मैच जीते हैं

भारतीय टीम ने पहले दो मैच जीतकर ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। पहले भारत ने बांग्लादेश को हराया और इसके बाद पाकिस्तान को भी बुरी तरह से पीटा। इसके बाद आखिरी लीग मैच में न्यूजीलैंड को हराकर अपने ग्रुप में टॉप की कुर्सी पर कब्जा किया। यही कारण है कि दूसरे ग्रुप की नंबर दो टीम ऑस्ट्रेलिया से उसका सेमीफाइनल में मुकाबला होगा। ये मैच चार मार्च को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जाएगा। इस मुकाबले से एक दिन पहले कप्तान रोहित शर्मा ने मीडिया से बात की और तरह तरह की बातें करने वालों को जवाब भी दिया। रोहित शर्मा ने कहा कि दुबई उनका घरेलू मैदान नहीं है और पिचों से उनकी टीम को अलग तरह की चुनौतियां मिली हैं।

### रोहित शर्मा ने बताया क्या मिल रही हैं चुनौतियां

रोहित शर्मा ने कहा कि दुबई में हर बार यानी हर मैच में उन्हें और उनकी टीम को अलग अलग तरह की चुनौतियां मिल रही हैं। भारतीय टीम ने यहां पर अभी तक तीन मुकाबले खेले हैं और हर बार अलग तरह की पिच मिली है। रोहित शर्मा ने ये भी बताया कि दुबई के इस मैदान पर चार या पांच पिचें तैयार की गई हैं, उन्हें नहीं पता है कि सेमीफाइनल मुकाबला किस पिच पर खेला जाएगा। रोहित ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में गेंदबाजों को स्विंग मिल रही थी, लेकिन पहले दो मैचों में ऐसा नहीं था। इसलिए इस मैच में चुनौती अलग तरह की थी।

### सेमीफाइनल में आसान नहीं होगी टीम इंडिया की राह

भारतीय टीम के लिए सेमीफाइनल मुकाबला आसान नहीं होगा, क्योंकि उसका मैच ऑस्ट्रेलिया से है। जब भी आईसीसी टूनार्मेंट होता है तो कंगारू टीम अलग ही तरह से खेलती है। इस बार भी ऐसा ही कुछ नजर आ रहा है। साल 2023 के वनडे विश्व कप में भी टीम इंडिया अपने लगातार सारे मैच जीतकर फाइनल में पहुंची थी, लेकिन वहां उसे ऑस्ट्रेलिया से ही हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भी आईसीसी टूनार्मेंट के नॉकआउट में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को जख्म देती रही है। देखना होगा कि इस बार मुकाबला होगा तो कौन सी टीम बाजी मारती है।

# राहुल गांधी का प्रदर्शन देखें; रोहित को मोटा कहने वाली कांग्रेस नेता को दिल्ली बीजेपी का जवाब




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा पर भद्दी टिप्पणी करने वाली कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद विवादों में हैं। रोहित शर्मा को मोटा कहने या कहें बॉडी शेमिंग करने वाली कांग्रेस नेता अपने बयान पर कायम हैं। उनके इस बयान पर दिल्ली के बीजेपी नेताओं की तरफ से कड़ी नाराजगी जताई गई है। दिल्ली के घौंडा विधानसभा से भाजपा विधायक अजय माहवर ने भी शमा के इस बयान से खफा होते होकर उन्हें वाणी पर संयम बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि शमा मोहम्मद टीम सेलेक्टर या बीसीसीआई नहीं हैं।

दिल्ली के घौंडा विधायक अजय महावर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पहले वे अपनी वाणी पर संयम रखें। वे चयनकर्ता नहीं हैं वे इउउकनहीं हैं। अगर रोहित के प्रदर्शन से दिक्कत है तो पहले राहुल गांधी का प्रदर्शन देख लें। उनका स्ट्राइक रेट देख लें। पिछले चुनावों में हर राज्य में क्या हाल हुआ है? जहां पर जीते हैं वहां साथी दलों ने किया है, कांग्रेस वहां कहीं नहीं है। पहले राहुल गांधी को रिटायर करें फिर रोहित शर्मा की बात करें। माहवर से पहले दिल्ली सरकार के मंत्री ने भी रोहित शर्मा पर दिए कांग्रेस नेत्री के बयान पर कहा कि यह बहुत शर्मनाक है कि कांग्रेस का एक आधिकारिक प्रवक्ता इस तरह का बयान दे रहा है।

### क्या है वह विवादित बयान?

कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद ने अपने एक्स हैंडल से किए पोस्ट में लिखा कि रोहित शर्मा एक खिलाड़ी के तौर पर मोटा है। उसे वजन कम करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि वह भारतीय टीम का अब तक का सबसे निराशजनक कप्तान है। विवाद बढ़ता देख शमा ने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा कि यह एक सामान्य ट्वीट था, जिसमें एक खिलाड़ी की फिटनेस के बारे में बात की गई थी। यह किसी के शरीर का अपमान नहीं था। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि एक खिलाड़ी को फिट होना चाहिए, और मुझे लगा कि वह थोड़ा ज्यादा वजन वाला था, इसलिए मैंने बस उसके बारे में ट्वीट किया।

# प्राग मास्टर्स शतरंज टूनार्मेंट में प्रज्ञानंद ने अराविंद से ड्रॉ खेला

**इनियान ने टूनार्मेंट में छह मुकाबले जीते और तीन ड्रॉ खेले । इस जीत से उन्हें 12 रेटिंग अंक मिले और अब वह 2600 ईएलओ अंक के करीब पहुंच गए हैं।**

**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने भारत के अराविंद चिदंबरम के साथ प्राग मास्टर्स शतरंज टूनार्मेंट के पांचवें दौर में ड्रॉ खेला और इन दोनों के पास अब पूरे एक अंक की बढत हो गई है। अराविंद और प्रज्ञानानंदा के 3.5 अंक हैं जबकि चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त वेइ यि , नीदरलैंड के अनीश गिरि , वियतनाम के कुआंग लीम ली और जर्मनी के विंसेंट केमेर इनके एक अंक पीछे हैं। बाकी चार प्रतियोगी छठे स्थान पर हैं जिनमें चेक गणराज्य के



डेविड नवारा और एंगुयेन थाइ डेइ वान, अमेरिका के सैम शैंकलैंड और तुर्किये के गुरेल एडिज शामिल हैं। दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूनार्मेंट के अभी चार दौर बाकी हैं। इस दिन सिर्फ एक मुकाबले का नतीजा निकल सका जब वेइ यि ने शैंकलैंड को हराया। अनीश ने डेइ वान से ड्रॉ खेला, जबकि डेविड नवारा ने केमेर को ड्रॉ पर रोका। ली ने एडिज के साथ ड्रॉ खेला।


### भारत के इनियान ने कान ओपन शतरंज जीता

भारतीय ग्रैंडमास्टर पा इनियान ने हमवतन वी प्रनेश को नौवें और आखिरी दौर में हराकर फ्रांस में चल रहा कान इंटरनेशनल ओपन जीत लिया। इनियान ने 7-5 अंक हासिल किये जबकि दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आराध्य गर्ग दूसरे स्थान पर रहे। मौजूदा विश्व जूनियर चैम्पियन कजाखस्तान के काजिबेक नोदेरबेक के भी सात अंक थे जिन्हें टाइब्रेक के बाद तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

इनियान ने टूनार्मेंट में छह मुकाबले जीते और तीन ड्रॉ खेले । इस जीत से उन्हें 12 रेटिंग अंक मिले और अब वह 2600 ईएलओ अंक के करीब पहुंच गए हैं। उनके 2579 ईएलओ अंक हैं। टूनार्मेंट में 25 देशों के 147 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें छह ग्रैंडमास्टर और 21 अंतरराष्ट्रीय मास्टर शामिल थे ।

# फाल्गुन संकीर्तन महोत्सव धूमधाम से हुआ सम्पन्न





गाजियाबाद करंट क्राइम। अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में जगदीश साधना, अध्यक्ष के नेतृत्व में फाल्गुन संकीर्तन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। संकीर्तन का मुख्य आकर्षण पीलीभीत संकीर्तन परिकर द्वारा स्थापित मनमोहक श्रीनाथ भगवान जी का विग्रह रहा। इस अवसर पर महापौर सुनीता दयाल, मृणालिनी सिंह सुपुत्री जनरल वीके सिंह, गर्वनर मिजोरम, पूर्व महापौर अशु वर्मा, राजकुमार आईसवर्ल्ड वाले सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# साक्षी त्यागी का शुभ विवाह सार्थक त्यागी के साथ धूमधाम से संपन्न










**गाजियाबाद करंट क्राइम। निर्दोष त्यागी की सुपुत्री साक्षी त्यागी का शुभ विवाह सुनील त्यागी के सुपुत्र सार्थक त्यागी के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। राजनगर एक्सटेंशन के रेड कार्पेट ग्रैंड में आयोजित विवाह समारोह में समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर वर वधु को आशीर्वाद शुभाशीष प्रदान किया।**




## हम गोवा तीर्थ पर गये थे तो वो मिजोरम में हज पर गये थे क्या

हिडंन एयरपोर्ट से मार्च की पहली तारीख को जब गोवा के लिये विमान उड़ा तो इस विमान में गाजियाबाद के भाजपाईयों ने भी गोवा के लिये प्रस्थान किया। उधर लंच चल रहा था और इधर सोशल मीडिया पर पंच चल रहा था। मिजोरम यात्रा पर जा चुके एक पूर्व विधायक जी ने गोवा यात्रा को तीर्थ यात्रा का दर्जा दिया। उनके इस लहजे पर जब उधर वालों को टटोला तो आफ द रिकार्ड कोई बोला। उन्होने कहा कि चलो माना कि हम सब गोवा नामक तीर्थ स्थान पर गये थे लेकिन वो भी तो बता दे कि मिजोरम में वो क्या हज करने गये थे। याद दिलाने वालों ने याद दिलाते हुये बताया कि कभी उन्होने ही चाय के निमंत्रण पर पूछ लिया था कि हू इज मिसेज सिंह और अब उन्ही की जुबान नही थकती है गीत गाते हुये। अगली बार उन्हे भी ले जायेगें तब वो तीर्थ यात्रा नही बतायेगें।

## आईपीएल का केसरिया सटोरिया भर लेगा इस बार तो बोरिंया


आईपीएल क्रिकेट वाले सटटे का रंग हर जगह बिखर रहा है। वो होली वाली गली हो या हो एक्सटेंशन का फ्लैट हो सब जगह बुकी पंटर मिलेगें। बजरिया का भटूरा हो या बैंक के सामने चाय वाला हो सभी का इस फिल्म में रोल है। मार्च के महीने में होली के बाद जब आईपीएल आयेगा तो सटोरियों की चांदी होगी। सुना है कि पुलिस के बड़े साहब तो गजब का नेटवर्क रखते हैं तो देखना होगा कि आईपीएल के सीजन में पुलिस इलेवन जीतती है या सटोरिया एकादश आईपीएल सटटे की ट्राफी उठायेगा। एक बार पुलिस लिस्ट ही चैक कर ले तो कसम से कहानी में एडवांस में ही टवीस्ट आ जायेगा। हम बतायेगें सटोरिया इलेवन के वो नाम जिनसे शहर पुलिस रही है अभी तक अंजान किस सटोरिये ने पिछले सीजन में नई कार खरीदी थी और किस सटोरिये को इतना लास हुया था कि उसे फ्लैट बेचना पड़ गया था। शहर का एक प्रमुख केसरिया सटोरिया तो आईपीएल के सीजन 2025 में इस बार नोटों की बोरिया भरने की तैयारी में हैं।

## ठेकेदार ने क्यों कह दिया फोन पर कि सुनो मेंबर कंट्रोल योर एंगर

विकास की फाईल अवर अभियंता ओर ठेकेदार तैयार करते हैं। भुगतान के लिये चीफ और बड़े साहब हैं। मगर स्टाईल सबसे ज्यादा मौहल्ला प्रधान में मिलेगा और इसकी वजह भी हैं। मौहल्ला प्रधान ने ही प्रस्ताव तैयार किया या उसे तैयार प्रस्ताव मिला और उसकी सहमति के बाद ही बात आगे बढ़ी। विकास की पहली ईंट के साथ ही शिकायत का रोड़ा फूल वाले ही अटका रहे हैं। सितम ये है कि फूल वाले पार्षद काम करा रहे हैं और फूल वाले पूर्व पार्षद ही शिकायत कर मामले की जांच करा रहे हैं। फूल वाले पूर्व और वर्तमान पार्षद की इस तकरार के चलते ठेकेदार ने काम रोक दिया। पहले पूर्व ने फोन किया और फिर वर्तमान ने फोन किया और जब टोन चेंज हुई तो ठेकेदार ने साफ कह दिया कि सुनो मेंबर अपने एंगर पर कंट्रोल रखना अगर हमारे बोल बिगड़े तो तुम से कंट्रोल नही होगें। सुना है कि ठेकेदार ने साफ साफ कह दिया कि ये वाला काम मुझे बाकायदा टेंडर से मिला है और काम की रिपोर्ट जेई साहब तैयार करेगें और सुनो तुम्हारे बस का तो भुगतान कराना भी नही हैं। वो काम भी महकमें के साहब करेगें।

# दहेज के लिए पत्नी को जिंदा जलाया

## कार और 10 लाख की मांग की, गंभीर हालत में महिला सफदरजंग अस्पताल में भर्ती

**गाजिबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मुरादनगर में दहेज की मांग को लेकर एक महिला को उसके ससुराल वालों ने जिंदा जलाने का प्रयास किया। महिला 70 प्रतिशत से अधिक झुलस गई है। उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डासना गेट की रहने वाली भूरी की शादी मुरादनगर की महाजनान कालोनी में हुई थी। शादी के बाद से ही पति और उसका परिवार दहेज में कार और 10 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। इसे लेकर वे लगातार महिला के साथ दुर्व्यवहार करते थे। 26 फरवरी की रात को पति इंतखाब, देवर परवेज और देवरानी सीमा ने महिला के साथ मारपीट की। इसके बाद उस पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। महिला की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसियों ने उसे बचाया। पहले उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहां से गंभीर हालत के चलते सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़िता की मां मुन्नी की शिकायत पर पुलिस ने पति, देवर और देवरानी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एसीपी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




## होली से पहले फिर आएगी एक छोटी लिस्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि आने वाले दिनों में कई स्तर की सूचनाओं के आउट होने की जानकारी आ रही है। कोई कह रहा है कि होली से पहले पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक छोटी तबादला लिस्ट आएगी। तो लखनऊ वाले सूत्रों ने कहा है कि आईपीएस स्तर के अधिकारियों की बंपर तबादला लिस्ट से पूरे प्रदेश में बड़े परिवर्तन की चर्चा सुनाई दे रही है। तो सूत्र कह रहे हैं कि एनसीआर को लेकर भी कई सूचनाएं आने वाली हैं। वहीं लोकल वाले सूत्र कह रहे हैं कि इस लिस्ट में कुछ चौकी प्रभारी बदले जा सकते हैं। तो वहीं सिटी और नदिया पार को लेकर भी कुछ सूचना सुनाई दे सकती हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से अचानक से एसीपी स्तर वाली लिस्ट आई थी, वैसे ही चौकी प्रभारियों और छोटे बदलाव वाली लिस्ट भी इसी प्रकार रवाना की जाएगी। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र जानकारी दें रहे हैं कि 2015 बैंच वालों एक दल को होली के बाद रवाना किया जाया जाएगा। देखना होगा इसमें थाने वाले प्रभारी जाते हैं, ऐसी




पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिल रही है। वहीं सुनने में आ रहा है कि जिस तरीके से देहात के एक सर्किल में एसीपी की मजबूत बैटिंग वाला मामला सुनाई दे रहा था, उसकी गूंज कई और कार्यालयों तक पहुंच गई है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र यह जानकारी दे रहे हैं कि जो साइड लाइन वाले एसीपी साहब लोग हैं वह आजकल एक ही कार्यालय में एक साथ चाय पर चर्चा कर रहे हैं। तो वहीं इसी कार्यालय की बगल वाली एक बिल्डिंग में वह थ्री-स्टार हैं जो अपने-अपने थानों से हटाए गए थे। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों पर भरोसा किया जाए तो लखनऊ वाली लिस्ट को लेकर अभी भी चर्चाएं तेज हैं। सूत्र बता रहे हैं कि लखनऊ वाली लिस्ट पर फाइनल महाराज जी के कार्यालय और उनकी अनुमति से आएगा। सुनने में आ रहा है कि नियुक्ति वालों ने अपनी ओर से जो लिस्ट बनाई थी, उसमें कई नाम पर लगभग स्थिति फाइनल हो गई है। कुछ नाम को लेकर संशय है, तो उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में किस-किस स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव होता है, इस लिस्ट से साफ हो पाएगा।

# युवती के साथ दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी बार्डर थाने इलाके की लोनी की रहने वाली एक युवती ने थाने में एक युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती ने बताया कि युवक भी लोनी का क्षेत्र का रहने वाला है तथा बार्डर थाना क्षेत्र में एक होटल में ले जाकर और अपना धर्म छिपाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और कई बार शारीरिक शोषण कर चुका है। युवती को जानकारी हुई तो उसने बार्डर थाने में युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर दुष्कर्मी को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि युवती के साथ हुए ज्यादती की रिपोर्ट दर्ज हुई है तथा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की पूछतांछ में धर्म छिपाने वाला दुष्कर्मी ने बताया कि उसने इंस्टाग्राम के माध्यम से युवती से संपर्क किया तथा मिलना-जुलना हो गया लेकिन दुष्कर्मी ने अपना धर्म छिपाकर अपना गौरव बताया।

# मुरादनगर में सड़क हादसे में एक की मौत :कार की टक्कर से गई जान, बाइक खड़ी करके सड़क पार कर रहे थे



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मुरादनगर में देर रात दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पहला हादसा रावली सुराना मार्ग पर बिलाल मस्जिद के पास हुआ। गांव ढिड़ार के रहने वाले किसान जितेंद्र कुमार के 22 वर्षीय बेटे प्रियांशु रात साढ़े ग्यारह बजे मुरादनगर से अपने गांव लौट रहे थे। बिलाल मस्जिद के पास अपनी बाइक साइड में खड़ी करके वह सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार लग्जरी कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि प्रियांशु कई फीट दूर जा गिरे। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दूसरा हादसा दिल्ली-मेरठ मार्ग पर एमएम डिग्री कॉलेज के सामने हुआ। हरमुखपुरी कॉलोनी के रहने वाले स्प्रांशु शर्मा बाइक से जा रहे थे। पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में स्प्रांशु गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है और फरार कार चालकों की तलाश कर रही है।

# चुनाव के बाद संपूर्ण हो गया प्रभु श्रीराम का पैनल

## सबको साथ लेकर चलेंगे और अब होगा काम का चैनल




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर की सबसे पुरानी रामलीला का चुनाव हो गया। सबकुछ शांतिपूर्ण हुआ और इस चुनावी महाभारत का सबसे अहम पहलू ये रहा कि मतदान के दिन दोनों ही पैनल के लोग एक-दूसरे के खेमे में जा रहे थे। मतदान के बाद चुनाव अधिकारी की कार्यशैली को लेकर सवाल उठा, लेकिन आपस में कोई बवाल नहीं था। रिश्तों की एक बड़ी मिठास इस चुनाव में देखने को मिली है। बड़ी बात ये है कि एक पैनल से अध्यक्ष अजय बंसल जीते और उस पैनल से अन्य सदस्य हार गए।

दूसरे पैनल से अध्यक्ष हार गए लेकिन अन्य पदाधिकारी जीत गए। तब ये माना जा रहा था कि एक बार फिर से तकरार का सीन अध्यक्ष और कार्यकारिणी में रहेगा। क्योंकि अध्यक्ष अपने पैनल से अकेले हैं और कार्यकारिणी के महामंत्री, कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष और लेखा परीक्षक दूसरे चैनल से हैं, लेकिन इस परिपाटी से बिल्कुल इतर जाकर महामंत्री नरेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू ने एक बड़ा संदेश दिया। बड़े दिल का परिचय दिया और ये संदेश दिया कि ये प्रभु श्रीराम का काम है और सब साथ मिलकर काम करेंगे। चुनावी लड़ाई चुनाव के साथ समाप्त हो गई और अब सबको साथ लेकर काम होगा। सुल्लामल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पद का चुनाव जीते अजय बंसल अनाज मंडी में महामंत्री पद का चुनाव जीते। नरेश अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। यहां रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष पद का चुनाव जीते सुधीर गोयल मोनू भी मौजूद थे। नरेश अग्रवाल रामलीला कमेटी के महामंत्री होने के साथ-साथ अनाज मंडी व्यापार मंडल के भी अध्यक्ष हैं। वहीं सुधीर गोयल मोनू गोविंदपुरम अनाज मंडी के महामंत्री हैं। जिस अनाज मंडी में सुल्लामल रामलीला कमेटी का भरत मिलाप होता है, उसी अनाज मंडी में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष , महामंत्री और कोषाध्यक्ष का मिलाप हुआ। ये मिलाप शब्द इसलिए है क्योंकि दोनों ही पक्ष अलग-अलग पैनल से चुनाव लड़े हैं और जब दोनों ही पक्ष मिले तो यहां भरत मिलाप ही हुआ और बड़े दिल का परिचय दिया गया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल को रामलीला कमेटी के महामंत्री नरेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू ने पटका पहनाकर सम्मानित किया। एक संदेश दिया कि हम विवाद करने के लिये नहीं अपितु रामलीला कमेटी में काम करने के लिये आए हैं।

# दोस्त की मदद करने गए युवक की हत्या

## भाभी को लेकर की गई टिप्पणी पर भड़के आरोपियों ने पेचकस से किया हमला




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। भीम नगर के 25 वर्षीय शिवम की हत्या कर दी गई। शिवम गुरुग्राम में शराब की दुकान पर काम करता था। घटना का कारण पारिवारिक विवाद था। मृतक के दोस्त मनीष के भाई के साले गौतम को शक था कि मनीष का अपनी भाभी से अवैध संबंध है। इस गलतफहमी को दूर करने के लिए गौतम ने शिवम को मनीष के साथ बुलाया था। एसीपी वेव सिटी उपासना पांडे के अनुसार, जब सभी लोग एकत्र हुए, तब शिवम ने गौतम की बहन के बारे में अनुचित टिप्पणी कर दी। इस पर गौतम, मनीष और वहां मौजूद एक अन्य युवक रंजीत ने शिवम पर पेचकस से हमला कर दिया। इस हमले में शिवम की मौत हो गई।

रविवार देर रात हुई इस वारदात के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों - गौतम, रंजीत और मनीष को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# दो ट्रैक्टरटॉली चोरी:12 से ज्यादा बदमाश दो कारों से आए और धक्का देकर ले गए

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। कृष्ण विहार फेस-2 में बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर नरेंद्र भाटी के घर के बाहर खड़े दो महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी हो गए। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, तड़के करीब 3 बजे दो कारों में एक दर्जन बदमाश आए। एक कार को गली के अंदर लाए, जबकि दूसरी बाहर




खड़ी रही। बदमाशों ने दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली को करीब 200 मीटर तक धक्का देकर मुख्य सड़क तक पहुंचाया। फिर उन्हें स्टार्ट कर फरार हो गए। नरेंद्र भाटी ने बताया कि एक ट्रैक्टर 6 महीने और दूसरा करीब एक साल पुराना था। दोनों की कीमत लगभग 16 लाख रुपए है।

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ट्रंप से बहस के बाद बैकफुट पर जेलेंस्की
## बोले- खनिज समझौते पर हस्ताक्षर के लिए तैयार

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बहस के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की बैकफुट पर आ गए हैं। लंदन के सैंड्रिंघम हाउस में किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि वह अमेरिका के साथ खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं**

**कीव ।** उन्होंने इसे सुरक्षा गारंटी की दिशा में पहला कदम बताया। हालांकि, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह पर्याप्त नहीं है। हमें इससे कहीं अधिक की आवश्यकता है। इससे पहले, जेलेंस्की ने ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से भी मुलाकात की।

जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'हम खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं, और यह सुरक्षा गारंटी की दिशा में पहला कदम होगा। लेकिन यह पर्याप्त नहीं है, और हमें इससे कहीं अधिक की आवश्यकता है। सुरक्षा गारंटी के बिना युद्धविराम यूक्रेन के लिए खतरनाक है। हम 3 साल से लड़ रहे हैं, और यूक्रेनी लोगों को यह जानने की जरूरत है कि अमेरिका हमारे पक्ष में है।'



जेलेंस्की का यह बयान रविवार (स्थानीय समयानुसार) को लंदन में यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन में यूक्रेन को मिले समर्थन के बाद आया है। यह शिखर सम्मेलन यूक्रेन के भविष्य और यूरोप के साथ उसके संबंधों पर केंद्रित था। यूरोप के एकजुट होकर समर्थन के लिए जताया आभार जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यूरोप ने यूक्रेन की स्वतंत्रता और सुरक्षा के लिए एकजुट होकर समर्थन किया है, इसके लिए मैं आभारी हूं। उन्होंने लिखा, 'लंदन में शिखर सम्मेलन यूक्रेन और हमारे साझा यूरोपीय भविष्य को समर्पित था। हमें हमारे सैनिकों और नागरिकों के लिए मजबूत समर्थन महसूस होता है।'

### यूरोप में उच्च स्तर की एकता पर दिया जोर

जेलेंस्की ने यूरोप में उच्च स्तर की एकता पर भी जोर दिया, जिसे उन्होंने लंबे समय से नहीं देखा था। उन्होंने कहा, 'हम यूरोप में सच्ची शांति और गारंटीकृत सुरक्षा की खोज में अमेरिका के साथ सहयोग के लिए ठोस आधार स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं।' जेलेंस्की ने आगे कहा कि निकट भविष्य में कई महत्वपूर्ण बैठकें और निर्णय लिए जाने वाले हैं। उन्होंने वैश्विक समुदाय के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया।

# ब्रिटिश सरकार ने टिकटॉक रेडिट और इम्गुर की जांच शुरू की

**लंदन ।** ब्रिटेन की गोपनीयता निगरानी एजेंसी इन्फॉर्मेशन कमिश्नर ऑफिस (आईसीओ) ने सोशल मीडिया कंपनियों टिकटॉक, रेडिट और इम्गुर के खिलाफ जांच शुरू की है। यह जांच इस बात पर हो रही है कि ये प्लेटफॉर्म 13-17 साल के बच्चों के डेटा का इस्तेमाल कैसे कर रहे हैं।

### टिकटॉक की जांच क्यों हो रही है?

टिकटॉक का एल्गोरिदम यूजर्स को वीडियो सुझाने के लिए उनके डेटा का इस्तेमाल करता है। यह जांच इस बात पर है कि क्या टिकटॉक बच्चों के निजी डेटा का गलत तरीके से इस्तेमाल कर रहा है।

### रेडिट और इम्गुर पर क्या आरोप हैं?

रेडिट और इम्गुर पर यूजर की उम्र का सही आकलन न करने का शक है। इन प्लेटफॉर्म्स को यह सुनिश्चित करना होता है कि बच्चों को उनके लिए गलत कंटेंट न दिखे। ब्रिटेन का कानून क्या कहता है?






ब्रिटेन में सोशल मीडिया के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं। इनमें सोशल मीडिया कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होता है कि बच्चों को गलत या हानिकारक कंटेंट न दिखे और उनकी उम्र की सही जांच की जाए। अगर जांच में कंपनियों के कानून तोड़ने के सबूत मिलते हैं, तो उन्हें पहले सफाई देने का मौका मिलेगा, फिर उन पर कार्रवाई की जा सकती है। फिलहाल, टिकटॉक, रेडिट और इम्गुर ने इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### टिकटॉक को लेकर ट्रंप का बड़ा फैसला

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टिकटॉक को लेकर बड़ा फैसला लिया था।

# उरुग्वे के राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण में पहुंचे पाबित्रा मार्गेरिटा

**उरुग्वे ।** केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा ने रविवार को उरुग्वे के राष्ट्रपति यामांडू ओरसी और उपराष्ट्रपति कैरोलिना कॉसे के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान उन्होंने उरुग्वे की नई सरकार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं।

मार्गेरिटा ने कहा कि वे भविष्य में दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए नई सरकार के साथ सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। मार्गेरिटा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'उरुग्वे की नई सरकार को भारत के प्रधानमंत्री की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।



इस ऐतिहासिक अवसर पर उरुग्वे के लोगों को बधाई। भारत-उरुग्वे साझेदारी को और मजबूत करने के लिए नई सरकार के साथ सहयोग करने के लिए तत्पर हूं।'

इससे पहले शनिवार को, मार्गेरिटा ने उरुग्वे में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और वहां भारतीय प्रवासियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि इस तरह से भारत-उरुग्वे संबंधों को मजबूत करने पर उन्हें गर्व है। उन्होंने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, 'मोंटेवीडियो, उरुग्वे में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और भारतीय समुदाय से बातचीत की। महात्मा गांधी की विरासत को कायम रखने और भारत-उरुग्वे के बीच मित्रता के बंधन को मजबूत करने पर गर्व है।'

**उरुग्वे के उद्योग मंत्री फर्नांडा काडोर्ना से की मुलाकात :** इससे पहले, मार्गेरिटा ने मोंटेवीडियो में उरुग्वे के उद्योग, ऊर्जा और खनन मंत्री (नामित) फर्नांडा काडोर्ना से भी मुलाकात की और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की।

# यूक्रेन को 5000 वायु रक्षा मिसाइलें देगा ब्रिटेन

**लंदन ।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने रविवार को कहा कि वह अमेरिका को अविश्वनीय सहयोगी नहीं मानते, लेकिन यूरोप को यूक्रेन को वित्तीय सहायता जारी रखनी चाहिए ताकि



शांति वार्ता के समय वह मजबूत स्थिति में रहे। लंदन में अन्य यूरोपीय और विश्व नेताओं के साथ सुरक्षा शिखर सम्मेलन के समापन पर स्टार्मर ने कहा- कोई भी नहीं चाहता कि व्हाइट हाउस में बीते शुक्रवार को हुई वार्ता विफल हो जाए। अमेरिका अभी भी एक महत्वपूर्ण सहयोगी है। कई दशकों से ब्रिटेन का विश्वनीय सहयोगी रहा अमेरिका स्टार्मर ने कहा।

# पुतिन को बातचीत की मेज पर लाने का प्रयास, रुबियो बोले- यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी शांति स्थापना पर निर्भर

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने यूक्रेन और रूस के बीच शांति वार्ता की संभावना के बारे में चल रही चचाओं पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इस समय की प्राथमिकता रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बातचीत की मेज पर लाना है।

रुबियो ने एक साक्षात्कार में इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी शांति स्थापना पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा आश्वासन तभी सार्थक हो सकते हैं, जब पहले शांति समझौता हो। रुबियो ने कहा, 'सुरक्षा गारंटी- जिसे मैं निवारण कहना पसंद करता हूं- सभी शांति होने पर निर्भर हैं। हर कोई शांति के लिए सुरक्षा गारंटी की बात कर रहा है, लेकिन हमें पहले शांति स्थापित करनी होगी। हालांकि, हम नहीं जानते कि शांति संभव है या नहीं।' पुतिन को बातचीत



की मेज पर लाना हमारा लक्ष्य मार्को रुबियो ने आगे कहा कि यूक्रेन के लोगों को यह बात समझ में आ गई है, और यही हमारी रणनीति है। हमारा लक्ष्य पुतिन को बातचीत की मेज पर लाना है, लेकिन सवाल यह है कि क्या हम उन्हें बातचीत के लिए ला सकते हैं?

रुबियो ने ओवल ऑफिस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की बहस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की को ऐसा कुछ भी नहीं करना चाहिए था, जिससे बैठक में बाधा उत्पन्न हो, लेकिन दुर्भाग्य से जेलेंस्की ने यही किया। उन्होंने हर मुद्दे पर यूक्रेन को समझाने का हर अवसर ढूंढा। जब उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि यहां लक्ष्य कूटनीति का है, तो वह तुरंत कूद पड़े और उपराष्ट्रपति को चुनौती दी। पुतिन आसान वातार्कार नहीं होंगे: रुबियो रुबियो ने शांति समझौते में शामिल जटिलताओं को स्वीकार करते हुए कहा कि पुतिन एक आसान वातार्कार नहीं होंगे, लेकिन हमें यह जानने के लिए प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए कि क्या कुछ संभव है।

**युद्ध समाप्त करने के तरीके पर करना चाहिए विचार :** रुबियो ने कहा कि हम बस यही पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या शांति संभव है।

# शेख हसीना के शासन काल में अत्याचारों के रिकॉर्ड होंगे संरक्षित

**ढाका ।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रशासन के तहत किए गए कथित अत्याचारों के अभिलेखों के सावधानीपूर्वक संरक्षण का आह्वान किया है। एक स्थानीय अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान, यूनुस ने इस बात पर जोर दिया कि उचित अभिलेखीय प्रणाली के बिना सच्चाई जानना और न्याय सुनिश्चित करना मुश्किल है।



मुख्य सलाहकार के प्रेस विंग की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि मुख्य सलाहकार ने संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर ग्वेन लुईस और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार विशेषज्ञ हुमा खान के साथ अपनी बातचीत के दौरान शापला चत्तर में प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई, देलवर हुसैन सईदी फैसले के बाद प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की बर्बरता और कथित न्यायेतर हत्याओं के वर्षों का हवाला दिया। इसके जवाब में, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने मानवाधिकारों के हनन के दस्तावेजीकरण में बांग्लादेश की सहायता करने की अपनी इच्छा की पुष्टि की। तकनीकी सहायता और क्षमता निर्माण में संयुक्त राष्ट्र की विशेषज्ञता की पेशकश करते हुए लुईस ने कहा, यह उपचार और सत्य-निर्माण की एक प्रक्रिया है।

### शरणार्थियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहायता में कमी

मोहम्मद यूनुस ने जुलाई-अगस्त 2024 में हुए उत्थान के बाद संयुक्त राष्ट्र की तरफ से प्रकाशित मानवाधिकार उल्लंघन पर आधारित रिपोर्ट की सराहना की, जिससे 15 वर्षों तक चलने वाली अवामी लीग सरकार का पतन हो गया। लुईस ने बताया कि मानवाधिकार परिषद में 5 मार्च को जेनेवा में यह रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

# इमरान खान को खुद में सुधार करना होगा
## पूर्व पीएम शाहिद खक्कान अब्बासी ने दी नसीहत

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और आवाम पाकिस्तान पार्टी (एपीपी) के संयोजक शाहिद खाकान अब्बासी ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को खुद में सुधार करना होगा, अन्यथा देश प्रगति के लिए संघर्ष करेगा।

एक स्थानीय समाचार चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व पीएम शाहिद खाकान अब्बासी ने रविवार को इस बात पर जोर दिया कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री से संबंधित मुद्दों में अमेरिका हस्तक्षेप नहीं करेगा। वहीं घरेलू राजनीतिक माहौल पर टिप्पणी करते हुए, उन्होंने पीटीआई के मजबूत सार्वजनिक समर्थन को स्वीकार किया, लेकिन चेतावनी दी कि यदि पार्टी अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान अपनाए गए दृष्टिकोण को जारी रखती है, तो इससे उसे कोई लाभ नहीं होगा।





### अपनी गलतियों के बारे में सोचें इमरान- अब्बासी

शाहिद खाकान अब्बासी ने कहा कि इमरान खान को अपनी गलतियों के बारे में सोचना चाहिए और उनकी पार्टी में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अगली सरकार ने पीटीआई की तरफ से की गई गलतियों को दोगुना कर दिया है। उन्होंने कहा, 'हम विपक्ष की सोच पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं और हमने सम्मेलन में राजनीतिक कैदियों की रिहाई के बारे में बात की है, क्योंकि देश में मुद्दे संविधान और सिद्धांतों के माध्यम से हैं।'

### 'देश में पाखंड खत्म हो इमरान को राहत भी मिलेगी'

उन्होंने कहा, 'हमने एक रवैया विकसित कर लिया है कि कभी हम एक को (सत्ता में) लाते हैं और कभी दूसरे को। अगर देश में पाखंड खत्म हो जाए तो पीटीआई संस्थापक को भी राहत मिलेगी।' देश में पिछली महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में शाहिद खाकान अब्बासी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने परमाणु विस्फोट करने की हिम्मत इसलिए की क्योंकि भारत के कदम के बाद पाकिस्तान के पास कोई विकल्प नहीं था।

# बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट से पूर्व पीएम खालिदा जिया को बड़ी राहत, भ्रष्टाचार मामले में बरी

**नई दिल्ली ।** बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट से पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को बड़ी राहत मिली है। देश की शीर्ष अदालत ने भ्रष्टाचार मामले में उन्हें बरी किए जाने का फैसला बरकरार रखा है। जिस मामले में जिया को राहत मिली है, वह साल 2011 का है। सुप्रीम कोर्ट से पहले हाईकोर्ट ने भी खालिदा जिया को बरी करने का फैसला सुनाया था। निचली अदालत ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले खालिदा जिया को सात साल जेल की सजा सुनाई थी। बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही हैं। बीते दिनों उन्हें इलाज के लिए लंदन ले जाया गया। खालिदा जिया और अन्य लोगों को बरी किए जाने का फैसला बरकरार देश की सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस की एक रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति मोहम्मद अशफाकुल इस्लाम की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय अपीलीय खंडपीठ ने आदेश पारित



किया। शीर्ष अदालत ने राज्य और भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें आयोग ने खालिदा जिया और अन्य लोगों को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। सात साल पहले हुई थी सजा, 14 साल पुराना है मुकदमा 79 साल की जिया को 2018 में दोषी ठहराया गया था। ढाका की एक अदालत ने उन्हें जिया चैरिटेबल ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में सात साल की कैद और एक मिलियन टका जुमानें की सजा सुनाई थी। नवंबर, 2024 में जिया और दो अन्य दोषियों- जियाउल इस्लाम और मोनिरुल इस्लाम खान ने निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने तीनों को आरोपों से बरी कर दिया था। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सोमवार को इस पर अदालत ने फैसला सुनाया, जिसमें तीन न्यायाधीशों की पीठ ने खालिदा जिया को बरी किए जाने का निर्णय बरकरार रखा।

### पूर्व पीएम जिया को किस मामले में सजा हुई थी

बता दें कि साल 2011 में तेजगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने खालिदा जिया और तीन अन्य लोगों पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया था। इन लोगों पर अज्ञात स्रोतों से जिया अनाथालय ट्रस्ट और जिया चैरिटेबल ट्रस्ट के लिए धन जुटाने के आरोप लगे थे। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (इठढ) प्रमुख खालिदा जिया को अनाथालय ट्रस्ट मामले में सजा के बाद फरवरी, 2018 में ढाका की सेंट्रल जेल में रखा गया था।

# हाइफा में चाकू से किए गए हमले में एक व्यक्ति की मौत
## चार अन्य घायल

**तेल अवीव ।** उत्तरी इस्त्राइल के शहर हाइफा में सोमवार को चाकू से किए गए हमले में 60 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। इस्त्राइली अधिकारियों ने बताया कि हमलावर मारा गया है। पुलिस ने बताया कि वह चाकूबाजी की



इस घटना को एक आतंकवादी हमला मान रहे हैं। एक सुरक्षा गार्ड और एक नागरिक ने मिलकर उस हमलावर को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि हमलावर इस्त्राइल का एक अरब नागरिक था, जो कुछ समय विदेश में रहने के बाद हाल ही में इस्त्राइल लौटा था। यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब गाजा में संघर्ष विराम को लेकर क्षेत्रीय तनाव चरम पर है। आतंकवादी समूह हमास ने हमले की प्रशंसा की, लेकिन इसकी जिम्मेदारी लेने से परहेज किया।

# पोप फ्रांसिस की सेहत में सुधार, वेंटिलेटर हटाए गए

**रोम ।** पोप फ्रांसिस की हालत फिलहाल स्थिर है और अब उन्हें किसी भी तरह के वेंटिलेशन की जरूरत नहीं है। यह संकेत है कि उन्होंने शुक्रवार को आई सांस की तकलीफ को सफलतापूर्वक पार कर लिया है और उनकी फेफड़ों की स्थिति में सुधार हो रहा है। पोप फिलहाल निमोनिया के दोहरे वार से उबर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक पोप अभी भी हाई-फ्लो ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं, लेकिन शुक्रवार को आए तेज खांसी के दौरे के बाद उनके स्वास्थ्य को लेकर जो चिंता थी, वह अब कुछ हद तक कम हो गई है। डॉक्टरों ने रविवार को उनकी सेहत के बारे में बताया कि वे स्थिर हैं, लेकिन अभी भी पूरी तरह खतरे से बाहर नहीं हैं।

**अस्पताल में पूजा-अर्चना और काम जारी :** पोप फ्रांसिस 14 फरवरी से रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती हैं। रविवार को उन्होंने सुबह वेटिकन के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट कार्डिनल पिएत्रो पैरोलिन और उनके चीफ ऑफ स्टाफ आर्चबिशप एडगर पेना



पार्रा से मुलाकात की। हालांकि, उनकी बातचीत का विषय सार्वजनिक नहीं किया गया।

### यूक्रेन और दुनिया भर में शांति की प्रार्थना

पूरे दिन पोप ने आराम किया, अपनी निजी चैपल में प्रार्थना की और मास में हिस्सा लिया। वे वेटिकन से बाहर होने के कारण हर रविवार को दिए जाने वाले दोपहर के आशीर्वाद में भी शामिल नहीं हो पाए। इसके बजाय, वेटिकन ने जेमेली अस्पताल से ही उनका एक संदेश जारी किया, जिसमें उन्होंने अपने डॉक्टरों और शुभचिंतकों का धन्यवाद किया। पोप ने अपने संदेश में यूक्रेन और दुनिया भर में शांति की प्रार्थना की और कहा कि अस्पताल में रहकर उन्हें महसूस हो रहा है कि युद्ध कितनी बेतुकी चीज है।

### सेहत में सुधार के संकेत दिखे

डॉक्टरों के अनुसार, शुक्रवार को पोप की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, जब उन्हें खांसी के दौरे के दौरान उल्टी सांस की नली में चली गई। इससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया।

# तरुण शर्मा शिखा शर्मा ने मनाई मैरिज एनिवर्सरी सिल्वर जुबली








**गाजियाबाद करंट क्राइम। भाजपा नेता तरुण शर्मा को शिखा शर्मा के साथ वैवाहिक जीवन में एक दूसरे का हमसफर बने 25 वर्ष पूर्ण हुए। सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा की सिल्वर जुबली पर मित्रों शुभचिंतकों समर्थकों ने बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाज पत्रकारिता राजनीति तथा अन्य वर्गों के गणमान्य लोग मौजूद थे।**

## जनपद न्यायाधीश ने दिए राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के आदेश

**● राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का वृहद स्तर पर किया जाये प्रचार-प्रसार : अनिल कुमार-दशम जनपद न्यायाधीश**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के तत्वाधान में अनिल कुमार-दशम जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के निर्देशन में जनपद न्यायालय गाजियाबाद के सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद द्वारा बैठक में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों को दिनांक 8 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु दिशानिर्देश जारी किये गये तथा उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु चिन्हित सभी वादों के विवरण का अवलोकन किया। जिला प्रशासन द्वारा अभी तक सभी प्रकार के लगभग 1,34,000 वादों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु चिन्हित करते हुये निस्तारण की संम्भावना व्यक्त की गई है।




### राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक समस्याओं का निस्तारण करना हो एकमात्र लक्ष्य : अनिल कुमार

करंट क्राइम। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद द्वारा बैठक में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। 8 मार्च, 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार—प्रसार हेतु जिला सूचना अधिकारी गाजियाबाद को निर्देशित किया गया कि वह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया इत्यादि साधनों से दिनांक 8 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाना सुनिश्चित करें जिससे कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो का निस्तारण करना एकमात्र लक्ष्य हो।

### बैठक में गणमान्य लोग मौजूद रहे

**करंट क्राइम।** बैठक में न्यायिक अधिकारियों के रूप में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1 हीरालाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नजारत प्रभारी नीरज गौतम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौरव शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जसवीर सिंह यादव तथा प्रशासनिक अधिकारियों के रूप मे अपर जिलाधिकारी गाजियाबाद, जिला प्रोबेशन अधिकारी गाजियाबाद, प्रतिनिधि जिला सूचना अधिकारी गाजियाबाद, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात गाजियाबाद, उप श्रमायुक्त गाजियाबाद, लीड बैंक मैनेजर केनरा बैंक गाजियाबाद, तहसीलदार मोदीनगर लोनी एवं गाजियाबाद, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री का खुलासा

### मैरिज हॉल में पिता-पुत्र बड़ी कंपनियों के नाम पर बना रहे थे पटाखे, गिरफ्तार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में अवैध पटाखों के निर्माण का एक बड़ा मामला सामने आया है। पुलिस ने थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र के मंडोला गांव में एक बंद मैरिज हॉल में छापेमारी कर पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। डीसीपी रूरल सुरेंद्रनाथ तिवारी के अनुसार, आरोपी दीपक और उनके पुत्र सागर अपने मैरिज हॉल में ही अवैध रूप से पटाखों का निर्माण कर रहे थे। पुलिस ने मौके से 20 किलो मिश्रित पाउडर, तीन पंचिंग मशीन और 2000 खाली नकली कागज बरामद किए हैं। छापेमारी में अधबने पटाखे, पैकिंग गेट के 30 पीस, फेविकोल और सेलो टेप की मशीन भी जब्त की गई है।

पूछताछ में पता चला कि आरोपी बड़ी-बड़ी कंपनियों के नाम का इस्तेमाल कर पटाखों की बिक्री करते थे। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों के पास पटाखा निर्माण का कोई वैध लाइसेंस नहीं है। इनके खिलाफ पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। इस अवैध धंधे से आरोपी मोटा मुनाफा कमा रहे थे।

## बदमाश डेयरी संचालक का प्राइवेट पार्ट काटकर फरार

### सोते समय नशीला पदार्थ सुंघाया, वारदात के बाद हुए फरार

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना वेव सिटी के बम्हेटा गांव में एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई है। यहां चार बदमाशों ने एक डेयरी संचालक को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश किया। फिर उनका प्राइवेट पार्ट काटकर फरार हो गए।



पीड़ित के बेटे प्रिंस यादव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को रात करीब 11 बजे यह वारदात हुई। उनके पिता संजय यादव (48) अपने कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान चार युवक घर में घुसे। उन्होंने संजय को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। पीड़ित की चीख-पुकार सुनकर जब तक परिवार के लोग पहुंचे, आरोपी फरार हो चुके थे। संजय को पहले गाजियाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया। एसीपी वेव सिटी उपासना पांडे ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल कॉल डिटेल्स के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। फिलहाल मेरठ के अस्पताल में संजय की हालत स्थिर बनी हुई है।

## बाल भारती पब्लिक स्कूल पर प्रदूषण विभाग ने लगाया 34 लाख 20 हजार का जुर्माना

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य, प्रबंधक द्वारा निर्माण कार्य के दौरान नियम विरुद्ध कार्य करने एवं सरकार के आदेश का पालन न करने निर्माण कार्य के दौरान वायु प्रदूषण फैलाने के आरोप में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा जारी नोटिस का सही जवाब न देना वाला भारती पब्लिक स्कूल बृज विहार को भारी पड़ गया। निर्माण कार्य के दौरान प्रदूषण विभाग के द्वारा दिसंबर 2024 को विभाग के द्वारा विद्यालय को नोटिस जारी किया गया था।

जिसका स्कूल प्रबंधकों के द्वारा संतोषजनक उत्तर ना देना एवं वायु प्रदूषण को फैलाना स्कूल के प्रबंध को भारी पड़ गया।




नोटिस का जवाब न मिलने पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने विद्यालय में कार्यरत स्नेह लता चौहान व प्रधानाचार्य स्वप्ना नायर की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। जिसमें वायु प्रदूषण की मात्रा अधिक पाई गई साथ ही साथ वायु प्रदूषण को रोकने के लिए बाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रबंधको द्वारा कोई भी उचित व्यवस्था न करने से नाराज विभाग के अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट उत्तर प्रदेश नियंत्रण बोर्ड लखनऊ को भेज दी गई।

7 जनवरी 2025 निरीक्षण के बाद 30 जनवरी 2025 को रिपोर्ट भेजी गई। जिसके आधार पर विभाग के द्वारा नियम विरुद्ध निर्माण कार्य करने पर वायु प्रदूषण फैलाने के आरोप में वायु प्रदूषण की छति पूर्ति हेतु रुपए 34 लाख 20 हजार का जुर्माना लगाते हुए संबंधित अधिकारियों को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा सख्त आदेश दिए गए। विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी का कहना है, कि स्कूल की तरफ से कोई भी पैसा नहीं जमा किया गया।

## बिल्डर का फजीर्वाड़ा, शॉपिंग सेंटर में बुक दुकानों की जगह बना दिया हॉल

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रताप विहार में एक कामर्शियल प्रोजेक्ट में दुकानें बुक कराने वाले खरीदारों ने बिल्डर पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। चार पीड़ितों की शिकायत पर विजय नगर थाने में बिल्डर फर्म के दो पार्टनर पर केस दर्ज किया गया है। पीड़ितों का आरोप है कि उनकी बुक कराई दुकान की जगह अवैध निर्माण कर हॉल बनवा दिया। उन्हें फर्जी रसीदें जारी कर जीएसटी चोरी की गई और फजीर्वाड़ा कर 15 करोड़ रुपये का लोन भी ले लिया। बिल्डर रवि कांत सिंघल और जेपी सिंघल ने प्रोजेक्ट में उनकी दुकानों की रजिस्ट्री नहीं की जबकि उन्होंने पूरी रकम का भुगतान कर दिया था। इसके अलावा बिल्डर पर फर्जी रसीदें तैयार करने और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शमन मानचित्र स्वीकृत कराने का भी आरोप है। पीड़ितों का आरोप है कि उनसे दुकानों की एवज में दो करोड़ रुपये से ज्यादा रुपये लिए गए, लेकिन दुकानें नहीं दी गई।

## बैंक्वेट हॉल के बाहर लूटपाट करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

### 60 हजार नकद और जेवर बरामद, दिल्ली एनसीआर में करते थे लूट

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने बैंक्वेट हॉल के बाहर लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना अंकुर विहार पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में लोनी का समीर, दिल्ली के लकी और गुलफाम शामिल हैं। गिरोह का एक सदस्य सादाब अभी फरार है। आरोपी गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली-एनसीआर में लूट की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले शादी समारोह की रेकी करते थे। वे दूल्हे के पिता या परिवार के जिम्मेदार सदस्य को चिह्नित करते, जिनके पास



नकदी का बैग होता था। जैसे ही टारगेट अकेला मिलता, वे बैग लूटकर फरार हो जाते थे। बदमाश केटीएम बाइक का इस्तेमाल करते थे। पकड़े जाने से बचने के लिए बाइक की पिछली नंबर प्लेट तोड़ रखी थी और आगे की नंबर प्लेट इतनी छोटी थी कि कोई पढ़ न सके। गिरोह ने गाजियाबाद के शालीमार गार्डन, साहिबाबाद और अंकुर विहार में कई वारदातें की हैं। लोनी और दिल्ली क्षेत्र में भी इन्होंने शादी समारोहों में लूटपाट की है। पुलिस ने आरोपियों से 60,000 रुपए नकद, जेवर, बाइक और लूटे गए बैग बरामद किए हैं।

## अवैध अतिक्रमण पर चला निगम का बुल्डोजर

### विजयनगर जोन में एनएच 9 से सम्राट चौक तक चला अभियान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सोमवार को गाजियाबाद नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की। इस कार्यवाही में एनएच 9 से सम्राट चौक तक तथा सम्राट चौक से लीलावती चौक तक अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया।

जोनल प्रभारी अंगद गुप्ता का नेतृत्व के साथ मौके पर स्वास्थ्य विभाग तथा निर्माण विभाग की टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम उपस्थित रही। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार शहर में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जोरों से चल रही है। विजयनगर क्षेत्र में अभियान के दौरान जुमार्ना लगाते हुए 41,500 रूपयों की वसूली भी की गई। जोनल प्रभारी ने बताया कि कई स्थानों पर स्थाई रूप से अतिक्रमण किया गया था जिसे बुलडोजर से हटाया गया।





यहां कई रैंप पर भी तोड़े गए और मार्गो को खाली कराया गया। इसके साथ ही आवागमन को सरल बनाया गया।

## गाजियाबाद में शराब पीने वाले 554 का चालान

### दोपहिया वाहनों पर चल रहा मदिरापान, पुलिस ने चलाया अभियान




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में तीन घंटे चले इस अभियान में 554 लोगों को गिरफ्तार किया गया। शहर में लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। मेडिकल जांच के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत इन सभी का चालान किया गया।

डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 238 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 35, विजयनगर से 49, सिहानी गेट से 22, नंदग्राम से 59, कवि नगर से 32 और मधुबन बापूधाम से 41 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 171 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें लोनी से 22, ट्रॉनिका सिटी से 6, अंकुर विहार से 9, लोनी बॉर्डर से 27, मसूरी से 19, मुरादनगर से 25, मोदीनगर से 7, निवाड़ी से 5, भोजपुर से 8, वेव सिटी से 8 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 35 लोग शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए लोगों में युवा और बुजुर्ग दोनों शामिल थे।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि इसी तरीके से ट्रांस हिंडन क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 145 लोगों को पकड़ा गया। इनमें से थाना इंदिरापुरम से 22 कौशांबी से 21 खोड़ा से 20 साहिबाबाद से 23 लिंक रोड से 19 शालीमार गार्डन से 16 और टीला मोड़ से 24 लोगों को पकड़ के थाना लाया गया और मेडिकल करवा के 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पुरानी दोस्ती जब मिली तो कुछ इस तरह से मिली। गाजियाबाद की पूर्व मेयर आशा शर्मा अपनी पुरानी दोस्त और दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिली। पूर्व मेयर आशा शर्मा ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई शुभकामनाए दी। मुलाकात के इस यादगार पल को फेसबुक पर साझा किया। पूर्व मेयर आशा शर्मा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।**